Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 351 | बुधवार, 24 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

## तुर्किये में भीषण विमान हादसा, लीबिया के सैन्य प्रमुख समेत पांच लोगों की मौत



**नई दिल्ली।**

तुर्किये की राजधानी अंकारा से उड़ान भरने के बाद मंगलवार को लीबिया के सैन्य प्रमुख और चार अन्य लोगों को ले जा रहा एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। तुर्किये के अधिकारियों ने बताया कि लीबिया के सैन्य प्रमुख दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय मुद्दों को संबोधित करने के उद्देश्य से उच्च स्तरीय रक्षा वार्ता के लिए अंकारा में थे। लीबिया के प्रधानमंत्री अब्दुल-हमीददिबेबा ने जनरल मुहम्मद अली अहमदअल-हद्दाद और अन्य लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए फेसबुक पर एक बयान में कहा कि यह दुखद दुर्घटना उस समय हुई जब लीबियाई प्रतिनिधिमंडल अंकारा की आधिकारिक यात्रा से लौट रहा था। उन्होंने इसे लीबिया के लिए भारी क्षति बताया। लीबिया के अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद विमान से संपर्क टूट गया था।

## दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने के दावे हवा-हवाई




**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और पूरा एनसीआर वायु प्रदूषण से जूझ रहा है। हर साल प्रदूषण बढ़ने पर तमाम दावे और घोषणाएं विभिन्न एजेंसियों और विभागों द्वारा किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन पर कोई काम नहीं होता है। यही वजह है कि प्रदूषण को कम करने के लिए संसाधनों को बढ़ाने के दावे तो कई वर्षों से हो रहे हैं, लेकिन यह हकीकत में नहीं बदल पा रहे हैं।

आलम यह है कि 2800 किलोमीटर क्षेत्र ऐसा है जिसमें मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों से सफाई होनी चाहिए, लेकिन 1400 किलोमीटर सड़कों की ही सफाई हो पा रही है। इतना ही नही प्रतिदिन भी इन सड़कों पर सफाई नहीं हो पा रही है। एक दिन छोड़कर एक दिन इन मशीनों से सफाई हो रही है। इससे धूल के खिलाफ प्रदूषण से जंग लड़ने में प्रशासन के दावा केवल दावा ही बनकर रह जाता है। जबकि खतरनाक हो चुकी हवा में तो अतिरिक्त संसाधनों को लगाने की जरुरत हैं पर स्थिति यह है कि जरुरत के हिसाब से भी संसाधन दिल्ली में उपलब्ध नहीं है। दिल्ली में इस वर्ष भी 2700 करोड़ की लागत से एमसीडी ने 10 वर्षों के लिए करीब 140 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 1000 छोटी कूड़ा उठाने वाली मशीनों को अपने बेड़े में शामिल करने की घोषणा की है, लेकिन इन का उपयोग फिलहाल के वायु प्रदूषण को कम करने के लिए नहीं किया जा सकेगा।

## पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराएगा

# नितिन नबीन ने राहुल गांधी को बताया पार्ट टाइम पॉलिटिशियन

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद बिहार के अपने पहले दौरे पर नितिन ने कहा कि राहुल गांधी जैसे अंशकालिक राजनीतिक नेता चुनाव के दौरान बिहार आते हैं और चुनाव खत्म होते ही विदेश चले जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक सफलता के लिए धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ काम करना पड़ता है। हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पार्ट टाइम राजनेता बताया, जो केवल चुनाव के दौरान ही राज्य दौरे पर आते हैं। राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद बिहार के अपने पहले दौरे पर नितिन ने कहा कि राहुल गांधी जैसे अंशकालिक राजनीतिक नेता चुनाव के दौरान बिहार आते हैं और चुनाव खत्म होते ही विदेश चले जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं होता। दीर्घकालिक सफलता के लिए धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ काम करना पड़ता है।



**बोले- राजनीति में कोई शॉर्टकट नहीं**

हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और बिहार का विकास करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मंगलवार को पटना में रोड शो का नेतृत्व किया। नितिन नबीन ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की हालिया यात्रा के दौरान भारत का अपमान किया। पार्टी के एक नेता ने बताया कि रोड शो पटना हवाई अड्डे के पास अरण्य भवन से शुरू हुआ और बिरचंद पटेल मार्ग पर स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय के नजदीक मिलर हाई स्कूल के मैदान में समाप्त हुआ। नबीन एक फूल से सजी गाड़ी पर खड़े थे, जिस पर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल के कटआउट लगे थे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी भी थे। नवीन ने कहा कि पाटलीपुत्र की इस भूमि ने हमेशा नई ऊर्जा को नई क्रांति दी है। आज उस पर पार्टी ने और हमारे नेता लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हमारे गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित हमारे सभी शीर्ष नेतृत्व ने जो बिहार पर भरोसा किया है, मुझ पर भरोसा किया है, मैं सर्वप्रथम पूरे शीर्ष नेतृत्व को इस मंच से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आज के इस व्यापक कार्यक्रम के लिए एक-एक कार्यकर्ता को मैं तहेदिल से प्रणाम करता हूं, आप सभी को नमन करता हूं। आप लोगों ने बिहार को प्रचंड जीत दी है और पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व ने जो परचम लहराया, उस जीत के प्रकाश से बिहार आगे बढ़ रहा है।

## बंगाल के राज्यपाल ने मैराथन दौड़ में स्टार्टिंग गन चलाने की घटना की जांच के दिए आदेश

**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने 21 दिसंबर को कोलकाता में एक 25 किलोमीटर लंबे मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाने के दौरान स्टार्टिंग गन (पिस्टल) कथित तौर पर खतरनाक तरीके से चलाने पर विवाद के बीच मंगलवार को इस पूरी घटना की जांच के आदेश दिए हैं। लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने निर्देश दिया है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाए, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या कोई जानबूझकर सुरक्षा में चूक हुई थी, कार्यक्रम को खराब करने की कोशिश की गई थी, या उनकी जान को खतरा था। उन्होंने कहा कि एक जांच समिति को इस मामले को कई कोणों से देखने के लिए कहा गया है। यह आदेश ड्यूटी पर मौजूद राज्यपाल के एडीसी (एड-डी-कैंप) मेजर निखिल कुमार द्वारा सौंपी गई एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि स्टार्टिंग गन का इंतजाम कार्यक्रम के आयोजकों ने किया था। साथ ही राज्यपाल के कार्यालय ने उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि राज्यपाल द्वारा स्टार्टिंग गन बिना किसी सावधानी के चलाई गई थी। लोक भवन ने ऐसे दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया।

## पठानकोट सीमांत एरिया में घनी धुंध, पुलिस-बीएसएफ ने सुरक्षा की दृष्टि से किया सर्च ऑपरेशन

**बमियाल।**

मंगलवार को जिले के सीमांत एरिया में मंगलवार को एक बार फिर गहरी धुंध पड़ने से पूरा इलाका धुंध की चादर मे लिपट गया। मौसम की करवट को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से बॉर्डर एरिया में अपना सर्च ऑपरेशन अभियान और तेज कर दिया। सर्च ऑपरेशन का केंद्र सीमा से सटे नदी



नाले के साथ-साथ सुनसान एरिया रहा, क्योंकि ऐसे मौसम में सीमा पार से होने वाली नापाक साजिश का अंदेशा बना रहता है।

## अंतरिक्ष के सफर पर निकलेगा ब्ल्यूबर्ड- ब्लॉक-2, इसरो के 'बाहुबली' रॉकेट से होगी लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।**

इसरो का 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम-3 अमेरिकी सैटेलाइट ब्ल्यूबर्ड- ब्लॉक-2 को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि एलवीएम-3 एम6 मिशन के तहत होने वाले इस प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उलटी गिनती शुरू हो गई है। लांच व्हीकल मार्क3 (एलवीएम3) भारत का सबसे शक्तिशाली राकेट है। इसलिए इस राकेट को बाहुबली रॉकेट भी कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की योजना के अनुसार बुधवार को श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र के से सुबह 8:54 बजे एलवीएम-3 एम6 रॉकेट नई पीढ़ी के अमेरिकी संचार सेटेलाइट ब्ल्यूबर्ड- ब्लॉक-2 के साथ अंतरिक्ष के सफर पर रवाना होगा। यह एलवीएम3 की छठी परिचालन उड़ान होगी। लांचिंग के लगभग 15 मिनट बाद ब्ल्यूबर्ड ब्लॉक-2 के रॉकेट से अलग होने की उम्मीद है। अगली पीढ़ी के इस संचार उपग्रह को एएसटी स्पेसमोबाइल के साथ हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत लांच किया जाएगा। इसरो ने कहा कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह सेटेलाइट एलवीएम3 रॉकेट से लो अर्थ आर्बिट (एलईओ) में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी पेलोड होगा। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम-3-एम5 संचार उपग्रह सीएमएस-03 था।



## रुपया शुरूआती कारोबार में 22 पैसे मजबूत होकर 89.45 प्रति डॉलर पर

**नई दिल्ली।**

घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स शुरूआती कारोबार 210.57 अंक चढ़कर 85,139.93 अंक पर जबकि निफ्टी 154.80 अंक की बढ़त के साथ 26,121.20 अंक पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी के प्रवाह और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 22 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.45 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कंपनियों के डॉलर में निवेश करने और ब्रेंट क्रूड की कीमतें 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.53 पर खुला। फिर थोड़ा मजबूत होकर 89.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को 53 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.67 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.63 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स शुरूआती कारोबार 210.57 अंक चढ़कर 85,139.93 अंक पर जबकि निफ्टी 154.80 अंक की बढ़त के साथ 26,121.20 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत चढ़कर 60.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,830.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



## प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के लिए ममता बनर्जी पर बरसी भाजपा



**नई दिल्ली।**

भाजपा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की। इसे पड़ोसी देश में प्रताड़ित हिंदुओं के लिए न्याय की मांग करने वाली आवाजों को दबाने के लिए राज्य प्रायोजित गुंडागर्दी करार दिया।

बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कोलकाता में बांग्लादेशी उप उच्चायोग के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने गए हिंदूवादी संगठनों के कार्यकताओं पर लाठीचार्ज को बर्बर हमला करार दिया। कहा कि महिलाओं और बुजुर्गों को बैरिकेड के पीछे फंसाकर लाठीचार्ज किया गया। उनके साथ मारपीट की गई। उन्हें खून बहने तक पीटा गया और सड़कों पर घसीटा गया। यह बांग्लादेश में उत्पीड़ित हिंदुओं के लिए न्याय की मांग करने वाली आवाजों को दबाने के उद्देश्य से राज्य प्रायोजित गुंडागर्दी है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा- ममता बनर्जी को अपनी गुंडा पुलिस की आड़ में छिपना बंद कर देना चाहिए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों से सक्रिय भूमिका का किया आह्वान



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाती है और नागरिकों को अपने चारों ओर होने वाली घटनाओं के प्रति निष्क्रिय पर्यवेक्षक नहीं होना चाहिए। उन्होंने "जन भागीदारी" को जनता-केंद्रित सुरक्षा का आधार बताया।

इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इंटरनेट मीडिया ने सूचना और संचार की दुनिया को बदल दिया है और इसमें सृजन और विनाश दोनों की क्षमता है। मुर्मु ने कहा, "गलत सूचना से लोगों की रक्षा करना एक बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह कार्य निरंतर और प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। सक्रिय इंटरनेट मीडिया उपयोगकताओं का एक समुदाय बनाने की आवश्यकता है जो राष्ट्रीय हित में तथ्य-आधारित कथानक प्रस्तुत करे।" मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया कि सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से एक सतर्क, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में "हम सभी तेजी से आगे बढ़ेंगे"। उन्होंने कहा कि सतर्क नागरिकों के कई उदाहरण हैं जिन्होंने सुरक्षा संकटों को टालने में पेशेवर बलों की मदद की है। लोगों को अपने चारों ओर होने वाली घटनाओं के प्रति निष्क्रिय पर्यवेक्षक नहीं होना चाहिए। उन्हें अपने आसपास और उससे परे क्षेत्रों की सुरक्षा में सतर्क और सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। 'जन भागीदारी' जनता-केंद्रित सुरक्षा का आधार है।" राष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और आइबी प्रमुख तपन कुमार डेका सहित अन्य उपस्थित थे।

**एक समुदाय बनाने की आवश्यकता है जो**

## संपादक की कलम से


# साइबर ठगी का जाल

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े–लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू–कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे–जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट–खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है। अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। पहले इस सुविधा का लेना मांग पर आधारित था, लेकिन बाद में तय किया गया कि यह सुविधा प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वास किया जा रहा है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस सुविधा से किसी सीमा तक मोबाइल के जरिये धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। मोबाइल उपयोगकर्ता की सजगता इसमें मददगार हो सकेगी।



ललित शर्मा
संपादक

# राव की सोच की बुनियाद पर भारत बना चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था



पामुलपार्थी वेंकट नरसिंह राव...यही पूरा नाम था उनका। आज ही के दिन ठीक इक्कीस साल पहले उन्होंने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आखिरी सांस ली थी, जिसे देश के सबसे बेहतरीन सार्वजनिक अस्पताल माना जाता है। एम्स के नाम से विख्यात इस अस्पताल में जब उनकी आत्मा उनके शरीर रूपी पिंजरे से उड़ गई, तब देश में उन डॉक्टर मनमोहन सिंह का शासन था, जिन्हें उन्होंने ही राजनीति की दुनिया में प्रवेश कराया था। राव कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण और गरिमापूर्ण विदाई के हकदार थे। लेकिन उनकी ही पार्टी ने उन्हें यह विदाई मयस्सर नहीं होने दी और देश का प्रधानमंत्री भी मौन व्रत धारण किए रह गया। नेहरू, इंदिरा और राजीव को भारत रत्न देने वाली कांग्रेस की अगुआई वाली सरकार ने अपने ही उस राव को उचित सम्मान देना उचित नहीं समझा, जिसके वे अध्यक्ष रह चुके थे।

भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंगलैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, ह्य जीवन जैसा जियाह्न में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है। चंद्रशेखर के बाद एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री बने राव के सामने तत्कालीन कैबिनेट सचिव ने भारतीय अर्थव्यवस्था की बुरी गत की जानकारी दी तो उनका चिंतित होना स्वाभाविक था। ऐसे हालात में उनका विचलित होना स्वाभाविक था। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रोफेशनल अर्थशास्त्री को देश का वित्त मंत्री बनाने की सोची। उन्हें तब दो नाम सुझाए गए थे, रिजर्व बैंक के गवर्नर रह चुके आईजी पटेल और मनमोहन सिंह। राव की पहली पसंद पटेल थे, लेकिन उन्होंने अपनी बीमार और बुजुर्ग मां की देखभाल के चलते वह जिम्मेदारी भरा पद लेना स्वीकार नहीं किया। नियति मनमोहन सिंह के पक्ष में थी। मनमोहन वित्त मंत्री बने। 1991 की 25 जुलाई को लोकसभा में बजट पेश करते हुए मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को खोल दिया। आर्थिक मोर्चे पर जारी लाइसेंस राज की विदाई की शुरूआत हुई। आर्थिक खुलेपन ने देश की आर्थिकी की जो नींव रखी, आज उसी नींव पर आगे बढ़ते हुए देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था का गौरव हासिल कर चुका है। बेशक यह सब मनमोहन सिंह की बदौलत हुआ। लेकिन अगर उनकी पीठ पर नरसिंह राव का हाथ नहीं होता तो क्या वे भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल करने के लिए उद्यत हो सकते थे? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भारत की आर्थिकी को मजबूत बुनियाद देने के साथ ही वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल के लिए तैयार करने में मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लेकिन बिना नरसिंह राव के मजबूत समर्थन के, वे ऐसे कदम नहीं उठा सकते थे। आज भारत की आर्थिकी की जो वैश्विक चमक दिख रही है, उसके असर नींव निमार्ता नरसिंह राव ही हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश जिस कांग्रेस के वे नेता रहे, जिस कांग्रेस क साथ उन्होंने अपनी समूची राजनीतिक यात्रा पूरी की, उस कांग्रेस ने उनसे किनारा कर लिया।

किनारा करने की वजह रहा बाबरी विध्वंस। छह दिसंबर 1992 को बाबरी का ध्वंस हुआ। ऐसा नहीं कि नरसिंह राव ने ध्वंस को रोकने की तैयारी नहीं की थी। गांधी-नेहरू परिवार के नजदीकी रहे पूर्व विदेश सेवा अधिकारी और कांग्रेसी राजनेता मणिशंकर अय्यर राव को इसी वजह से भाजपा का पहला प्रधानमंत्री कहते हैं। बाबरी विध्वंस के बाद वामपंथी बौद्धिकों के एक खेमे ने उन्हें खाकी निक्कर वाला कहना शुरू कर दिया था। यहां याद दिलाना जरूरी है कि खाकी निक्कर कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गणवेश होती थी। लेकिन नरसिंह राव ने अपने उपर लगे आरोपों का पुस्तक लिखकर जवाब दिया है. जो 2004 में उनके निधन के बाद प्रकाशित हुई है। ह्यअयोध्याः छह दिसंबरह्न नामक यह पुस्तक साल 2006 में प्रकाशित हुई। इस किताब में एक तरह से राव ने बाबरी ध्वंस को लेकर उन पर लगने वाले अकर्मण्यता के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया है। इसमें उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दिन और उससे पहले की घटनाओं, अपनी कार्रवाइयों और तब के राजनीतिक दबावों को लेकर पूरी जानकारी दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि आखिर उत्तर प्रदेश में वे संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगा पाए। उन्होंने बताया है कि राज्यपाल की रिपोर्ट राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं थी और उनके सामने कई संवैधानिक चुनौतियां और बाधाएं भी थीं। इन तथ्यों के जरिए उन्होंने बताने की कोशिश की है कि आखिर क्यों मस्जिद को बचाने की उनकी कोशिशें किस तरह नाकाम रहीं। विनय सीतापति ने ह्नहाफ लायनह्न नाम से राव की जीवनी लिखी है। इस पुस्तक में वे भी तमाम तथ्यों से साबित करने में सफल रहे हैं कि राव चाहकर भी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन नहीं लगा सकते थे। अपनी किताब में राव ने तफसील से बताया है कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि अयोध्या पहुंच रहे कारसेवक शांतिपूर्ण हैं। राव ने साथ ही यह भी बताया है कि तत्कालीन कल्याण सिंह सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मस्जिद की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। ऐसे में संवैधानिक मयार्दाओं और संघीय ढांचे के संवैधानिक प्रावधानों के कारण उनके हाथ बंधे हुए थे। राव ने अपनी पुस्तक में राम मंदिर आंदोलन के पीछे की राजनीतिक चालों और धार्मिक भावनाओं के दोहन के खतरों पर भी प्रकाश डाला गया है।

इसमें दो राय नहीं कि बाबरी ध्वंस के बाद कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बदल गई। दलित, ब्राह्मण और मुसलमान की जातीय कीमियागिरी के दम पर लंबे समय तक शासन में रही कांग्रेस का समर्थक आधार छीजने लगा। अल्पसंख्यकों ने कई प्रमुख राज्यों मसलन उत्तर प्रदेश, बिहार आदि से किनारा कर लिया। इसका असर कांग्रेस की सत्तावादी राजनीति पर पड़ा। जिस समय बाबरी ध्वंस हुआ, उस समय गांधी-नेहरू परिवार राजनीति से दूर था। सोनिया गांधी तो सक्रिय राजनीति में 1998 में आईं। लेकिन उनके इशारे पर कांग्रेस का एक बड़ा खेमा काम करता रहा। अर्जुन सिंह, प्रियरंजन दास मुंशी, मणिशंकर अय्यर, प्रणब मुखर्जी आदि कांग्रेसी प्रथम परिवार के इशारे पर काम करते रहे। जब 1996 में कांग्रेस संसदीय चुनावों में हार गई तो नरसिंह राव को इस खेमे ने ना सिर्फ अप्रासंगिक बनाना शुरू किया, बल्कि उन्हें महत्वहीन भी बना दिया। कांग्रेस पर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 19884 में हुए सिख विरोधी हिंसा का भी दाग है। दिलचस्प यह है कि उस वक्त राजीव सरकार के गृहमंत्री नरसिंह राव ही थे। लेकिन कांग्रेस ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। क्योंकि उसके साथ राजीव गांधी का वह बयान चिपका हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंसा से ग्रस्त पंजाब को पटरी पर लाने वाले नरसिंह राव ही थे। नरसिंह राव ने ही लुक ईस्ट नीति शुरू की और एशियायी देशों से भारत के मजबूत संबंध बनाने शुरू किए थे। लेकिन उनके इन योगदानों को भुला दिया गया। राव सिर्फ भारतीय आर्थिकी के ही शिल्पकार नहीं थे, बल्कि देश के आतंकग्रस्त इलाकों को सख्त प्रशासन और विकास कार्यों के समायोजन के जरिए मुख्यधारा में जोड़ने वाले रचनाकार भी रहे। मोदी सरकार के बारे में कहा जा सकता है कि उसने राजनीतिक कारणों से राव को 2024 में भारत रत्न दिया। लेकिन यह भी स्वीकार किया जाना चाहिए कि राव का सम्मान भारत के बदलाव का दौर शुरू करने वाले शिल्पी का सम्मान है। **–उमेश चतुर्वेदी**

## मनोज शाह मानस



### जीवन और जगत...

कविता

जीवन क्या है...?
जगत क्या है...??
जीवन और जगत के बीच
संबंध क्या है...??

चौदह बिलियन वर्ष से
अस्तित्व में रहा
अंतरिक्ष को
स्वयं कैसा हूं...?
पता नहीं था...!
उन्हें अपनी
गुण और दोष के बारे में
जानने के लिए उत्सुकता हुआ ।

और...,
इंसान बनाने की सोच
अनुरुप उसने शुरूआत में
अमीषा बनाया...!

स्वयं को
जानने और पहचान की
ख़्वाहिश पूरा करने के लिए
जगत ने
जीवन को बनाया है...!!

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कहानी : इंस्टाग्राम वाला प्यार



वेलकम इंडिया

रिया को बचपन से ही छायाचित्र लेने का शौक था। जब उसके हमउम्र बच्चे खिलौनों, खेलों और अपने छोटे-छोटे झगड़ों में व्यस्त रहते थे, रिया किसी भी साधारण-सी वस्तु को दूसरी नजर से देखने लगती। वह सुबह की किरण को भी ऐसे देखती जैसे वह किसी कोमल कहानी का पहला अध्याय हो। उसे लगता था कि दुनिया में हर वस्तु, हर मनुष्य, हर क्षण अपना कोई रहस्य छुपाए बैठा है, जिसे सिर्फ वही पकड़ सकती है। स्कूल के दिनों में उसे एक सादा-सा कैमरा मिला था–सस्ता, छोटी दुकान वाला, लेकिन रिया के लिए वह दुनिया का सबसे अनमोल साथी था। उसी कैमरे ने उसके भीतर छिपे कलाकार को जन्म दिया था।

समय बदला, वह कॉलेज में पहुँची और उसके भीतर की अनुभूतियाँ भी गहरी होती गईं। शहर के एक कोने में वह एक छोटे से कमरे में रहती थी। दीवारें साधारण थीं, पर उन पर टँगी उसकी तस्वीरें उन्हें एक अलग पहचान देती थीं। तस्वीरों में रोशनी थी, अंधेरा था, रंग थे, धुंधलापन था, और सबसे बढ़कर–भावनाएँ थीं। हर तस्वीर किसी न बोले हुए वाक्य की तरह थी। प्रत्येक छवि मानो कह रही थी कि दुनिया में जो ध्वनि नहीं कह पाती, वह छाया कह सकती है।

किसी दिन उसके मित्रों ने उसे सलाह दी कि वह अपने चित्रों को एक मंच पर साझा करे। वह एक ऐसा मंच था जहाँ लोग अपने विचार, चित्र, वीडियो और दिनचर्या साझा करते थे। रिया ने अपना एक पृष्ठ बना लिया। उसने उसका नाम रखा–क्षणचित्र-संग्रह। नाम कोमल था और सरल। लेकिन उसका पृष्ठ देखते ही लोग ठहर जाते। रिया को यह उम्मीद नहीं थी कि लोग उसकी कला को इतना पसंद करेंगे, मगर धीरे-धीरे उसके अनुयायी बढ़ते गए। उन्हीं अनुयायियों में एक था–आरव। वह चुपचाप रिया के प्रत्येक चित्र को पसन्द करता। न कोई टिप्पणी लिखता, न कोई लम्बा संदेश भेजता, बस मौन में प्रशंसा करता। कभी-कभी वह एक चमकता तारा ? भेज देता, मानो वह किसी दूर देहात के आसमान से अपना छोटा-सा प्रकाश रिया की दुनिया में पहुँचा रहा हो। रिया को यह अजीब भी लगता और आकर्षक भी। दुनिया में जहाँ लोग दिखावे और विस्तार में खो जाते थे, वहाँ यह मौन व्यक्ति उसे उलझाता और खींचता दोनों था।

एक दिन रिया ने अचानक उससे पूछा–तुम मेरे चित्रों को पसन्द करते हो, पर बोलते क्यों नहीं? काफी देर बाद उत्तर आया–शब्द कहीं खो जाते हैंङ्ख छवियाँ नहीं। यह वाक्य रिया के दिल में सीधा उतर गया। उसे पहली बार लगा कि कोई उसकी तस्वीरों के पीछे छुपी खामोशी को समझता है। वह उस उत्तर को पढ़कर देर रात तक छत की ओर देखती रही। उसने यही सोचा कि क्या कोई ऐसा हो सकता है जो उसे उसके कैमरे की नजरों से समझ सके? धीरे-धीरे बातचीत शुरू हुई। पहले एक-दो वाक्य। फिर लंबी बातें। फिर रातों को खिंचती उन अनंत चचाओं की लड़ी। दोनों एक-दूसरे को अपने मन के ऐसे कोने दिखाने लगे जिन्हें शायद उन्होंने कभी किसी को नहीं दिखाया था।रिया अक्सर पूछती– तुम हमेशा चमकता तारा क्यों भेजते हो? आरव उत्तर देता–क्योंकि तारे दूर होते हैं, पर रोशनी दे जाते हैं। मैं भी ऐसा ही हूँङ्ख शायद दूर से ही अच्छा लगता हूँ।

रिया को यह उत्तर बहुत गहरा लगता। वह सोचती कि यह लड़का आखिर है कौन? क्या है इसमें जो उसके शब्दों में ऐसी नर्मी है? काफी समय बाद उन्होंने मिलने का निश्चय किया। एक शांत कैफे चुना गया–पुराने शहर के किनारे पर स्थित, जहाँ हल्की पीली रोशनी थी और धीमे-धीमे मधुर गीत बजते रहते थे।

रिया जब वहाँ पहुँची तो उसकी धड़कन तेज थी। उसने पहली बार आरव को देखा–एक साधारण-सा युवक, जिसके चेहरे पर न ज्यादा बनावट थी, न दिखावे का भाव। पर उसकी आँखेंङ्ख वे जैसे रिया की तस्वीरों की कहानियों को पढ़ चुकी थीं। आरव ने बैठते ही कहा– तुम उतनी ही सच्ची लगती हो जितनी तुम्हारी तस्वीरों में हो। शायद उससे भी ज्यादा। रिया को यह बात बहुत गहराई से लगी। कैफे की उस शाम में दोनों ज्यादा नहीं बोले। पर दिलों ने बहुत कुछ कह दिया। वे चुप भी रहे और बात भी करते रहे।

समय बीतता गया, और उनका रिश्ता गहराता गया। दोनों एक-दूसरे के सपने, दर्द, डर, यादें और अधूरे पन्ने साझा करने लगे। रिया अब हर तस्वीर ऐसे डालती थी जैसे वह आरव से कुछ कह रही हो। और आरव हर तस्वीर को ऐसे पढ़ता था जैसे वह रिया की धड़कन सुन रहा हो। लेकिन जीवन में मोड़ आते ही हैं।

एक दिन रिया ने देखा कि आरव किसी दूसरी लड़की की कहानी पर बार-बार दिल का चिह्न भेज रहा था। उसके मन में संदेह जागा। उसे लगा कि शायद वह सिर्फ उसी से नहीं, औरों से भी ऐसे ही बात करता होगा। गुस्से और आहत मन से उसने आरव पर प्रतिबंध लगा दिया। अब उसके संदेश दिखाई नहीं देते, न यह पता चलता कि उसने देखा भी या नहीं। यह छोटी-सी व्यवस्था रिया की दुनिया को अचानक भारी और ठंडी बना गई। कुछ देर बाद आरव ने संदेश भेजा–

रिया, मुझे नहीं पता कि तुमने ऐसा क्यों किया। शायद तुम्हें लगा कि मैं बदल गया हूँ, पर सच यह है कि मैंने बस एक पुरानी मित्र की कहानी पर प्रशंसा भेजी थी। अगर तुम्हें लगा कि मैं तुम्हें हल्का समझता हूँ, तो यह मेरा दोष है। पर मैं अब भी वही तारा हूँ–तुम्हारे आसमान में चमकने की कोशिश करता हुआ।

रिया यह पढ़ते ही टूट गई। उसके भीतर अपराधबोध उमड़ आया। उसने प्रतिबंध हटाया और लिखा– क्या हम दिखावे वाली दुनिया से बाहर आकर असली जीवन में एक-दूसरे को अपना सकते हैं? आरव ने उत्तर दिया– हाँ। क्योंकि प्रेम वह नहीं जिसे चमकने के लिए आवरण की जरूरत पड़े। प्रेम वह है जो बिना आवरण के भी उज्ज्वल हो। इसके बाद उनकी दुनिया बदलने लगी। वे एक-दूसरे से मिलने लगे, साथ घूमने लगे, एक-दूसरे के परिवारों से धीरे-धीरे परिचित होने लगे। रिया अब केवल तस्वीरें नहीं खींचती थी–वह क्षणों को जीती थी। आरव अब केवल शब्द नहीं लिखता था–वह रिया का साथ निभाता था।

एक शाम, जब रिया उदास थी क्योंकि किसी ने उसकी तस्वीर पर बहुत बुरा टिप्पणी लिख दिया था, आरव उससे मिलने उसके कमरे तक चला गया।

वह चुपचाप उसके पास बैठा रहा, जब तक कि रिया ने अपने आँसू पोछकर कैमरा उठाया ही नहीं। आरव बोला– दुनिया की एक आवाज तुम्हारी कला को धुंधला नहीं कर सकती। तुम प्रकाश हो, रिया। और प्रकाश सिर्फ फैलता है–रुकता नहीं। रिया ने पहली बार महसूस किया कि यह व्यक्ति सिर्फ एक डिजिटल दुनिया का परिचित नहीं, बल्कि जीवन में खड़ा एक सच्चा साथी है। दिन बीतते गए। उनके बीच समझ भी बढ़ी, निकटता भी। कभी वे एकसाथ चाय पीते, कभी लंबी सैर करते, कभी देर रात तक बैठकर बातें करते। रिया अक्सर कहती–कभी-कभी लगता है कि तुम मेरे कैमरे की तरह हो। जो मेरे अंदर छुपी रोशनी को बाहर निकाल देता है। आरव मुस्कुराकर कहता–और तुम मेरे भीतर के अँधेरे को हल्का कर देती हो।

एक दिन चलते-चलते आरव ने बिना किसी तैयारी के कहा– रिया, तुम्हारे साथ रहने से लगता है कि मैं बेहतर हो गया हूँ। क्या तुम जीवन का यह सफर मेरे साथ आगे बढ़ाना चाहोगी? रिया ने उसकी आँखों में देखा। वहीं चमकता तारा था–वही पुरानी रोशनी जो उसके संदेशों में झलकती थी। उसे उत्तर देने की जरूरत नहीं थी। उसका हाथ धीरे से आरव के हाथ में चला गया। यह कहानी किसी आवरण, किसी प्रदर्शन, किसी लोकप्रियता से नहीं बनी। यह दो आत्माओं की कहानी थी–जो एक डिजिटल मंच से होकर जीवन के असली रास्तों तक पहुँचीं। उनका प्रेम किसी चमकदार चित्र की तरह नहीं, बल्कि किसी मुलायम छाया की तरह था–जो आँखों से नहीं, दिल से दिखती है। इस प्रकार इंस्टाग्राम में शुरू हुई दास्तान, जीवन के शांत और ईमानदार पन्नों में पूर्ण हुई। और उनका प्रेम किसी प्रतीक चिह्न, किसी टिप्पणी, किसी प्रदर्शन से नहीं, बल्कि एक मुस्कान से आगे बढ़ता रहा–वह मुस्कान जो दो दिलों के मिलने से बनती है, न कि किसी कृत्रिम आवरण से।रिया और आरव की दुनिया उस दिन से बदल गई थी जब रिया ने उसका हाथ थामा था। दोनों के बीच जो मौन स्नेह जन्मा था, उसने धीरे-धीरे उनके जीवन को एक नई दिशा दी। अब वे सिर्फ एक-दूसरे की तस्वीरों और शब्दों के सहारे नहीं थे, बल्कि एक-दूसरे के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके थे। रिया की सुबहें अब आरव के संदेश से शुरू होतीं और रातें उसकी आवाज की गर्माहट से समाप्त। आरव, जो हमेशा खुद को एक दूर चमकते तारे की तरह मानता था, अब रिया की ज़िंदगी का स्थायी प्रकाश बन गया था। पर प्रेम सिर्फ सहजता नहीं, परख भी लाता है। और यह परख धीरे-धीरे उनके जीवन में आने लगी। सबसे पहले चुनौती आई–परिवार की। रिया का परिवार पारंपरिक था। वे मानते थे कि लड़की को अपने ही समाज, अपने ही ढंग के परिवार में भेजना उचित होता है।

जब रिया ने धीरे से घर पर बताया कि वह किसी से मिलती है, जिसे वह जीवनसाथी के रूप में देखती है, घर में चुप्पी फैल गई। उसकी माँ की आँखों में चिंता उतर आई। पिता ने बस इतना कहा– पहले तुम्हारा काम ठीक से जम जाए। जीवनसाथी की बात बाद में करेंगे।

रिया समझ गई कि परिवार उसकी भावनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा। उधर आरव के परिवार में भी कुछ ऐसा ही था। आरव का परिवार मध्यमवर्गीय था, जहाँ बेटे की पसंद हमेशा परंपराओं से टकराती थी। जब उसने रिया के बारे में बात की, उसकी माँ ने पूछा– किसी मंच पर देखकर पसंद आ गई? क्या तुम उसे सच में पहचानते हो? आरव ने मुस्कुराकर कहा– माँ, मैं उसे मंच पर नहीं, उसकी खामोशी में पहचानता हूँ। पर उसकी माँ को यह जवाब संतोष नहीं दे सका। रिया और आरव दोनों समझ रहे थे कि प्रेम आसान नहीं है। लेकिन उनके भीतर का विश्वास अभी भी अडिग था। समय बीतता गया। रिया की कला भी और निखरने लगी। अब वह सिर्फ भावनाएँ नहीं, जीवन के कठिन प्रश्न भी अपनी छवियों में कैद करने लगी। उसकी तस्वीरें सामाजिक मुद्दों को भी छूने लगीं–अकेलापन, स्त्री की बेचैनी, शहर का अराजक सौंदर्य, टूटते परिवार, बदलती नैतिकताएँ।

# ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की न्यायपंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का हुआ सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** मंगलवार को ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्यायपंचायतों में विभागीय एजेंडा के अनुसार शिक्षक संकुल बैठकों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए बैठकों की अलग-अलग व्यवस्था की गई। शिक्षक संकुलों द्वारा एजेंडा बिंदुओं का परस्पर विभाजन कर सत्रों का प्रभावी संचालन किया गया। न्यायपंचायत रानीनांगल की बैठक प्राथमिक विद्यालय चक भीमराव में आयोजित हुई। इस दौरान शिक्षक संकुलों द्वारा संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा-शिक्षण में उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल सुभाष सागर एवं राजेंद्र कुमार ने शिक्षकों को अवगत कराया कि आगामी जनवरी माह में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन कराया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों का नियमित आकलन करते रहें। साथ ही, विभागीय दिशा-निदेशों के अनुपालन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह ने की।अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर योगेन्द्रपाल सिंह,राजकुमार सिंह,मौ0 लईक सैफी,प्रेम सिंह, ओमप्रकाश,शालिन रस्तोगी, अर्चना भटनागर, विजयलक्ष्मी, सुमनलता, श्वेता रानी,प्रीति शर्मा, चंचल सिंह,सविता तिवारी और रुचि कश्यप, कुसुमलता, रूमि बेगम और नाजरीन आदि मौजूद रहे।

# थाना गागलहेडी,थाना बेहट,थाना तीतरो,थाना चिलकाना एवम थाना रामपुर मनिहारान प्रभारियों की बडी कार्रवाई

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी




**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकक्ष अभिषेक सिंह के कड़े एक्शन के चलते एसएसपी आशीष तिवारी,एसपी सिटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात सागर जैन के दिशा निर्देश पर थाना गागलहेडी प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने ऑपरेशन सवेरा के चलते एक नशा तस्कर पर कड़ा प्रहार करते हुए किया गिरफतार,11 ग्राम अवैध स्मेक बरामद थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी की पुलिस टीम को ऑपरेशन सवेरा के चलते मिली जबरदस्त कामयाबी,एक नशा तस्कर सत्तार 150 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार,पकड़े गए नशा तस्कर का अपराधिक इतिहास भी निकला चौंकाने वाला थाना तीतरों प्रभारी भूपेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम को भी मिली जबरदस्त कामयाबी इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार की पुलिस टीम ने ऑपरेशन सवेरा के चलते एक बड़े हिस्ट्रीशीटर/स्मेक तस्कर राहुल को 15 ग्राम अवैध स्मेक के साथ घेराबंदी के दौरान किया गिरफतार पकड़ा गया यह स्मेक तस्कर पहले भी एनडीपीएस एक्ट/चोरी/आर्म्स एक्ट/10 यूपी गुंडा एक्ट/3 यूपी गुंडा अधिनियम एवम 2/3 गैंगस्टर एक्ट सहित 26 बडे अपराधिक मामलों मे भी जा चुका है जेल थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम को भी मिली जबरदस्त कामयाबी,पकड़ा अवैध शराब का जखीरा दो शराब तस्कर शिवम एवम जाबीर 44 पव्वे/फ्रुटी एवम 12 बोतल अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का के साथ गिरफ्तार थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी राधेश्याम यादव की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गई 50 हजार रुपए की धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में कराई वापस,,पीड़ित बोला धन्यवाद रामपुर मनिहारान पुलिस। एक एक करके नशा तस्करो की धड़ाधड़ गिरफ्तारियां कर उन्हे जेल की सलाखें दिखाने वाले थाना गागलहेडी प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक शिवकुमार ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ ऑपरेशन सवेरा के चलते आज नशा तस्कर पर कड़ा प्रहार करते हुए चेकिंग के दौरान गांव उग्राहु की और जाने वाले रास्ते से एक स्मेक तस्कर आजम पुत्र असलम निवासी कस्बा गागलहेडी को उस समय पकड़ा,जब चैकिंग करती पुलिस टीम को देखते ही यह नशा कारोबारी एक पेड़ के पीछे छुपकर बैठ गया,जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए गिरफतार कर लिया।

# लेखपाल को रु5000 की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर सदर तहसील में एक लेखपाल को रु5000 की रिश्वत लेते हुए मुरादाबाद एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया इसके बाद तहसील में हड़कंप मच गया लेखपाल को एंटी करप्शन टीम शहर कोतवाली ले गई जहां मामले में कार्रवाई की जा रही है बताया जा रहा है कि मामला बिजनौर सदर तहसील से संबंधितहै

जानकारी अनुसार गांव फतेहपुर खतापुर में तैनात लेखपाल रविंद्र कुमार शर्मा पर धर्मेंद्र नामक एक व्यक्ति रजिस्ट्री में संशोधन करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप है । शिकायतकर्ता धर्मेंद्र हीमपुर दीपा ननूपुरा निवासी पुत्र जगपाल है, धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन मुरादाबाद से शिकायत की थी, शिकायत मिलने पर मंगलवार की सवेरे एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया, टीम के सदस्य पहले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां से जिलाधिकारी के आदेश पर दो कर्मचारियों को साथ लेकर सदर तहसील पहुंचे तथा तहसील के कमरा नंबर 24 से लेखपाल रविंद्र कुमार को ?5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लियो रविंद्र कुमार मूल रूप से बागपत के रहने वाले हैं। मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम में इंचार्ज कृष्णावतार, मौहम्मद इश्तियाक, नवल मरवा, विजय कुमार शामिल थे। लेखपाल रविन्द्र का कहना है किसान उनसे एक बैनामे में संशोधन के लिए वकील से बात करने को कह रहा था यह पैसा वकील को ही दिया

# तहसील नजीबाबाद के क्षेत्र ग्राम धनसिनी में आज फिर पकड़ा गया खूंखार गुलदार धनसिनी का चौथा गुलदार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नजीबाबाद के क्षेत्र तहसील ग्राम धनसिनी में फिर पकड़ा गया एक खूंखार गुलदार ग्राम धनसिनी में गुलदारों का ज्यादा से ज्यादा आतंक देखा जा रहा है ग्राम धनसिनी में दो ढाई महीने के अंदर अंदर यह चौथा गुलदार आज फिर हुआ पिंजरे में हुआ कैद गांव वासियों में बना डर का माहौल यह पिंजरा मास्टर अरविंद के खेतों पर लगाया गया था जहां किसानों ने आज सुबह अपने खेतों पर जाकर देखा तो सुरेंद्र सिंह अरविंद कुमार संजीव कुमार सीताराम सिंह सुनील कुमार महेंद्र सिंह खेतों पर पहुंचे लगभग समय 7 से 8:00 बजे का समय था आज सुबह मंगलवार को दिनांक 23-12-2025 को जब किसान सुबह-सुबह अपने खेतों पर गए तो उन्होंने गुलदार के बच्चा पिंजरे में कैद देखा तो गांव में हड़कंप मच गया और गांव वासी अधिक से अधिक संख्या में गुलदार को देखने पहुंचे गुलदार का बच्चा दो से ढाई साल का बताया जाता है यह बच्चा मादा है धनसिनी में गुलदारों की संख्या ज्यादा से ज्यादा देखे जा रही है गांव वासियों का कहना है की वन विभाग की टीम से हमें ज्यादा से ज्यादा पिंजरा दिलाने की मांग है सूचना देने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को अपने कब्जे में लेकर चले गए मौके पर रामकुमार रेंजर जी पहुंचे गांव वासियों ने ले राहत की सांस।

# वीबी-जी राम जी से आसान होगी किसानों की राह, चौधरी चरण सिंह के सपनों के भारत का निर्माण कर रही भाजपा, डॉ. चंद्रमोहन

**बुलंदशहर।** किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के पावन अवसर पर शिकारपुर से भूड चौराहा, बुलंदशहर तक एक विशाल एवं ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन ने किया। रैली में बड़ी संख्या में किसान, युवा, महिलाएं एवं पार्टी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली के समापन पर भूड चौराहे पर स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर विधिवत माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने पुष्पांजलि अर्पित कर किसान मसीहा को नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# पशु वध के उपकरण सहित युवक गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद नगर क्षेत्रान्तर्गत गागन नदी पुल के नीचे एक कट्टे में गौवंशीय पशु की खाल/अवशेष पड़े है।जिसकी थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद गौवध अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया था।

नजीबाबाद पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के दौरान उपरोक्त घटना से संबंधित युवक मोहम्मद जमशेद पुत्र शरीफ निवासी कुरेशियान मस्जिद के पास पठानपुरा को पशु वध के उपकरण व अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया गया था। युवक से की गई पूछताछ में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान महताब कुरैशी पुत्र अब्दुल शमी, शालू पुत्र फारुख, मगरूब उर्फ दुग्गी पुत्र छोटा, शहजाद पुत्र मैगा के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड की घटना में वांछित युवक शहजाद उर्फ मैगी पुत्र मोहसीन निवासी हवेली तला जाब्ता गंज थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार किया गया। और आगे की कार्यवाही जारी है।

# स्व० चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस किसान दिवस के रूप में मनाया



वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** नूरपुर विधानसभा 24 राष्ट्रीय लोक दल के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस किसान दिवस के रूप में मनाया। वक्ताओं ने उनके मुख्यमंत्री वित्त मंत्री राजस्व मंत्री गृहमंत्री उप प्रधानमंत्री आदि महत्वपूर्ण पर पदों पर रहते हुए क्या-क्या विकास कार्य किया उन पर चर्चा की वक्ताओं ने कहा चौधरी साहब ने किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाई। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के कार्य किया 1 जुलाई 1952 को यूपी में उनकी बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला उन्होंने लेखपाल के पद का भी सृजन किया। पार्टी कार्यालय पर क्षेत्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकदल चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट, सरदार रविंद्र सिंह, मुकुल गुप्ता, संदीप जोशी, अर्पित त्यागी, बागेश चौधरी आदि ने फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किसानों के सच्चे मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : प्रणय मनु गुप्ता

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में भारत रत्न किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता और उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने विद्यार्थियों को चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय, उनकी ईमानदार कार्यशैली और सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा भारत के पांचवें प्रधानमंत्री भी रहे। प्रधानमंत्री रहते उन्होंने अपने 170 दिनों के कार्यकाल के दौरान किसानों के हित और कल्याण के लिए शानदार काम किया। वे सदैव किसानों के हितों के प्रति सदैव चिंतित रहते थे, जिसके कारण उन्हें किसानों का सच्चा मसीहा कहा जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार उनकी जयंती को किसान दिवस के रूप में मानती है। इस दिन कृषि विभाग द्वारा किसान मेलों और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत बीजों की जानकारी दी जाती है। हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने वर्तमान सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री पशु बीमा योजना को किसानों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में छात्रों ने भी सामूहिक रूप से चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर चंचल कटारिया, संजीव डबास, अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, कपिल कुमार, स्वाति यादव आदि मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में दो दिवसीय स्काउट /गाइड कैंप हुआ आयोजित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्काउट गाइड कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी, उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल एवं स्काउट प्रशिक्षक परिहार ने ध्वजारोहण, प्रार्थना एवं स्काउट प्रतिज्ञा कर किया। कैंप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्वभावना, टीमवर्क, अनुशासन, सेवा भाव और स्वावलंबन विकसित करना है। प्रशिक्षण के पहले दिन स्काउट /गाइड के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई और कार्य क्रमों की गतिविधियों और नियमों का परिचय कराया इसके बाद छात्र-छात्राओं की अलग-अलग टोली बनाई गई फिर उन्हें उनकी जिम्मेदारी के काम दिए गए। स्काउट प्रशिक्षक ने छात्र-छात्राओं को दुर्घटना या किसी आपदा की स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाने की कला सिखाई। साथ ही गांठे बांधना, कैंपिंग के दौरान टीमवर्क और जिम्मेदारी निभाने जैसे गुणों को भी समझाया। दूसरे दिन टेंट लगाना, प्राथमिक उपचार, भोजन निर्माण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल किया गया। बच्चों ने भी अपनी अपनी टोलियों के साथ आकर्षक ढंग से टेंट लगाकर उन्हें सजाया और भोजन आदि की व्यवस्था की।बच्चों ने पट्टी बांधने , जैसी कई उपयोगी तकनीके सीखी ।

प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह दिखाया और मनोरंजन करने के साथ-साथ सभी गतिविधियों को ध्यानपूर्वक समझा। कैंप के समापन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टोली को सम्मानित किया गया। कार्य क्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र/ छात्राओंको प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कक्षा अध्यापक/ अध्यापिकाओं, मिस्टर अजीत एवं सभी कोऑर्डिनेटर का विशेष सहयोग रहा।

# बिंदल पेपर्स शुगर मिल में बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं टिकाऊ खेती पर संयुक्त कार्यशाला आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** बिंदल पेपर्स शुगर मिल, चांगीपुर (बिजनौर) के प्रांगण में विभाग एवं चीनी मिल स्टाफ की एक महत्वपूर्ण संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला गन्ना अधिकारी, बिजनौर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई की तैयारियों की समीक्षा करना एवं क्षेत्र में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना रहा। कार्यशाला में चीनी मिल के वी.पी. जितेन्द्र मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (चांदपुर), विशेष सचिव प्रदीप शर्मा (नूरपुर) सहित समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यशाला के मुख्य बिंदु एवं निर्देश बीज उपलब्धता एवं ट्रैकिंगः विभागीय स्टाफ द्वारा सर्किल वार उपलब्ध आधार प्राथमिक पौधशाला के बीज की मात्रा का प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी स्टाफ भौतिक परीक्षण कर लें, ताकि 'सीड ट्रैकिंग ऐप' में सटीक आंकड़े दर्ज किए जा सकें। सीड रिजर्वेशन एवं अनुदानः आगामी बुवाई सत्र में बीज की चुनौती को देखते हुए 'बीज आरक्षण' को एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप बुवाई पूर्ण करें और बीज की कमी होने पर बाह्य स्त्रोतों से विभागीय दरों पर बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रजाति बदलाव (उङ्क 0238 को हटाना): रेड रोट (लाल सड़न रोग) के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उङ्क 0238 प्रजाति की बुवाई पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रजाति की बुवाई न करें, इसके लिए गोष्ठियों और पंपलेट्स के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई जाए। भूमि एवं बीज शोधनः कार्यशाला में वैज्ञानिकों के सुझावों के अनुरूप ट्राइकोडर्मा और थियोफैनेट मिथाइल के शत-प्रतिशत उपयोग पर जोर दिया गया। रेड रोट का प्रभाव भूमि में बने रहने के कारण भूमि शोधन को अनिवार्य बताया गया। खेती में यंत्रीकरण को बढ़ावाः श्रम शक्ति की कमी को देखते हुए गन्ना खेती में आधुनिक यंत्रों के उपयोग पर चर्चा हुई। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को ट्रेंच पद्धति अपनाने और चीनी मिल को अनुदान पर ट्रेंच मेकर, ट्रैक्टर, सबसॉइलर एवं स्प्रे मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'मिनी हार्वेस्टर' का बढ़ता प्रचलन गन्ने की खेती को नई दिशा प्रदान करेगा। अंत में जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बीज धारक किसानों की सूची अविलंब गन्ना विकास परिषदों को उपलब्ध कराई जाए ताकि बुवाई सत्र निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

# बीडीओ कार्यालय के सामने बना ओपेन जिम पार्क में किया गया भ्रष्टाचार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत घरुआर अन्तर्गत ब्लाक मुख्यालय पर मनरेगा अटल पार्क सरकारी धन का दुरुपयोग और प्रशासनिक उदासीनता की वजह से सार्वजनिक पार्क में बना ओपन जिम कबाड़ में तब्दील हो रहा है। उद्घाटन होने से पहले ही ऊपर का टीनशैड टूट कर लटक रहा है, जो भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है।

ग्राम पंचायत घरुआर, डढ़ऊल, मधवानगर, के ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त मनरेगा योजना ग्राम पंचायत निधि से एक ओपन जिम की स्थापना की गई थी। जो शो पीस बनकर सिर्फ हाथी का दांत बना हुआ है और ग्रामीणों को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा है। गांव निवासी रमेश कुमार यादव का कहना है कि इस ओपेन जिम पार्क के बनने से गांव वालों को कोई फायदा नही है। इस जिम पार्क में सरकारी धन का दुरपयोग और भ्रष्टाचार किया गया है, जिसकी कई बार शिकायत भी किया गया है।

लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बीडीओ कार्यालय के सामने बने जिम का टीनशैड टूट कर लटक गया है, फिर अधिकारियों को दिखाई नही दे रहा है। फिलहाल यह ओपन जिम केवल एक शोपीस बनकर रह गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा योजनाओं पर सरकारी धन तो खर्च किया गया, लेकिन यह गांव की जनता के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है।






## बीजेपी के कार्यक्रम में जेबकतरों की बल्ले बल्ले हुई

**शिकारपुर।** भाजपा विधायक अनिल शर्मा द्वारा अवंतिका बैंक्विट एंड रिजॉर्ट रानऊ में चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जेबकतरों की बल्ले बल्ले हुई है। जेबकतरों ने अनेक लोगों की जेब साफ कर दीं। मंगलवार को जयंती कार्यक्रम में क्षेत्र के कई हजारों लोगों को आमंत्रित किया गया था। उनके खानपान की भी व्यवस्था की गई थी। लेकिन, उचित व्यवस्था न होने के कारण खाना पाने के लिए लोगों में धक्का मुक्की होती रही। इसी का फायदा उठाकर जेबकतरों ने खाना लेने के प्रयास में लगे लोगों की जेब काट डालीं। शिकारपुर थाना क्षेत्र के गांव करैना निवासी व्यापारी राजकुमार शर्मा की जेब में रखे पंद्रह हजार रुपए साफ कर दिए।

# आमने-सामने बाइक भिड़ंत, खाई में गिरा युवक पूरी रात तड़पकर मौत, चार घायल

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** किठौर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर कस्बे में सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। रजवाहे की नाली के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक 18 वर्षीय युवक खाई में जा गिरा, जहां पूरी रात पड़े रहने के बाद उसकी मौत हो गई। हादसे में चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, हापुड़ के बक्सर गांव निवासी विशाल और विवेक अपनी पल्सर बाइक (वढ 37 ल 2997) से जा रहे थे। वहीं, शाहजहांपुर (किठौर) निवासी रिहान पुत्र गुलफाम, जीशान पुत्र अली शान और बिलाल पुत्र जाकिर पैशन प्रो


क रिहान का फाइल फोटो

बाइक (वढ 15 ऊव 2620) से दवाई लेने के लिए हापुड़ के गांव नानपुर स्थित डॉक्टर मनोज अधाना के क्लीनिक जा रहे थे। रजवाहे की नाली के पास दोनों बाइकों की रफ्तार तेज होने के कारण सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिहान उछलकर सड़क किनारे बनी खाई में जा गिरा, जबकि बाकी चार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, लेकिन रिहान लापता रहा। परिजन पूरी रात उसके मोबाइल पर कॉल करते रहे और संभावित स्थानों पर तलाश करते रहे। मंगलवार सुबह जब अस्पताल में भर्ती जीशान और बिलाल को होश आया, तब उन्होंने बताया कि रिहान भी उनके साथ था। इसके बाद परिजन दोबारा घटनास्थल पर पहुंचे और रिहान के मोबाइल पर कॉल की। खाई से मोबाइल की रिंग सुनाई देने पर नीचे उतरकर देखा गया, जहां रिहान का शव पड़ा मिला। आशंका है कि अत्यधिक रक्तस्राव और समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हुई।

## सार संक्षेप

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्र गंभीर घायल, चालक फरार

**किठौर।** मध्यगंगनहर मार्ग पर गेसूपुर पुल के समीप मंगलवार प्रातः तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गेसूपुर शुमाली निवासी नानक अपने पुत्र शिवकुमार के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से खेतों में सिंचाई कार्य हेतु जा रहे थे। जैसे ही वे गेसूपुर नहर पुल के पास पहुँचे, तभी पीछे से आ रही डीएल-3सी डीसी-7103 संख्या की स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी को तेज टक्कर मार दी। दुर्घटना में नानक की टाँग में गंभीर फ्रैक्चर हो गया, जबकि शिवकुमार के सिर एवं कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी और स्कॉर्पियो दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के उपरांत आसपास खेतों में कार्य कर रहे किसानों एवं ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुँचे और दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची तथा ग्रामीणों से जानकारी एकत्र कर क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि फरार स्कॉर्पियो चालक की तलाश की जा रही है तथा मामले की गहन जाँच जारी है।

### बसपा प्रतिनिधि मंडल ने एसआईआर का निरीक्षण किया




**मथुरा।** मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के निदेर्शानुसार बहुजन समाज पार्टी प्रतिनिधि मंडल द्वारा मथुरा जनपद के अंतर्गत बलदेव सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में चल रही एसआइआर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने वालों में पूर्व सांसद मुख्य मंडल प्रभारी आगरा, अलीगढ़, एवं मेरठ मंडल गिरीश चंद्र जाटव, आगरा मंडल प्रभारी मथुरा जितेंद्र कर्दम, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार, रामबाबू गौतम, नरेश सिंह जिलाध्यक्ष मथुरा पवन बघेल जिला महासचिव योगेंद्र सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश बाबूजी प्रभारी बलदेव सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र वीरेंद्र परिहार अध्यक्ष बलदेव सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र शीशपाल सिंह महासचिव बलदेव विधानसभा क्षेत्र डॉ सगीर कोषाध्यक्ष बलदेव विधानसभा मनोज प्रधान, पूर्व जिला प्रभारी उदयवीर सिंह, सहित सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### यूरोकिड्स स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न



**मथुरा।** ब्रज कला केंद्र सभागार में यूरोकिड्स द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ हिंदूवादी नेता पंडित नवीन गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित नवीन गौड़ द्वारा भगवान श्री गणेश के चित्रपट की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति के विविध रंग बिखेरे, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने राजस्थान और महाराष्ट्र के लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही, स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह और राजगुरु के देशप्रेम को दशार्ते हुए भावपूर्ण अभिनय किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान की थीम पर भी एक आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए पंडित नवीन गौड़ ने स्कूल की प्रधानाचार्या निधि शर्मा और सभी अध्यापिकाओं को बधाई दी। उन्होंने शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसी मेहनत से ऐसा यादगार आयोजन संभव हुआ। यह उत्सव न केवल बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन था, बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सुंदर माध्यम भी बना।

# जल्द संवरेगा गोवर्धन के मानसी गंगा सहित प्रमुख कुंडों का स्वरूप



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** ब्रज क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शामिल गोवर्धन स्थित मानसी गंगा, राधाकुंड, कृष्ण कुंड, गोविंद कुंड, सुरभि कुंड, गंधर्व कुंड एवं मलिहारी कुंड के सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन सभी कुंडों के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और हेल्थफुलनेस इंस्टीट्यूट, हैदराबाद को सौंपी गई है। इस क्रम में मानसी गंगा के सौंदर्यीकरण हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए एआई आधारित ड्रोन कैमरे से सर्वेक्षण किया गया। हेल्थफुलनेस इंस्टीट्यूट हैदराबाद की तकनीकी टीम ने कुंड क्षेत्र का गहन निरीक्षण कर आवश्यक आंकड़े एकत्र किए। सर्वेक्षण के दौरान कुंडों की वर्तमान स्थिति, जलस्तर, परिक्रमा मार्ग, घाटों एवं आसपास के ढांचे का तकनीकी मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान तकनीकी टीम के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा कुंडों का धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व और अधिक सुदृढ़ होगा।

# जिलाधिकारी ने ली चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, जन औषधि केंद्र, दिव्यांगजन योजनाएं तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी नेसीएमओ को गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को लेकर उन क्षेत्रों (पॉकेट्स) की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां पंजीकरण कम हो रहे हैं। उन्होंने शत-प्रतिशत एएनसी (एंटीनैटल केयर / गर्भावस्था पूर्व प्रसव जांच) सुनिश्चित करने, साथ ही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (उच्च जोखिम गर्भावस्था) मामलों की एसीएमओ (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) स्तर पर नियमित एवं प्रभावी समीक्षा करने के निर्देश दिए।

डीएम आकांक्षा ने पिछले पांच वर्षों में हुए स्किल्ड बर्थ एवं उनसे संबंधित मृत्यु के आंकड़े प्रस्तुत करने तथा संस्थागत प्रसव (इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी) को बढ़ाने के लिए निरंतर एवं प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट (गभार्धान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम) के तहत प्रभावी प्रवर्तन करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी एक माह के भीतर सभी जन औषधि केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित कराने तथा ह्लजन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी तक शत-प्रतिशत एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज / असंक्रामक रोग) स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर रोस्टर बनाते हुए दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी दिव्यांग ऐसा न रहे जिसका प्रमाण पत्र न बना हो। बैठक में सीएमओ डॉ. आदित्य तिवारी, एसीएमओ दीपक कुमार, समाज कल्याण अधिकारी जस्मीत कौर, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, ईओ विनोद जीना, अनूप कांडपाल, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे के बाद जमुना प्रसाद भूला याददाश्त, केएम अस्पताल ने लौटाई

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** केएम अस्पताल एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक 45 वर्षीय मरीज के एक हादसे के दौरान सिर और दिमाग में चोट लग गई थी जिसके कारण वह अपनी याददाशत भूल गया था, बोल नहीं पा रहा था और किसी को पहचान नहीं पा रहा था, लेकिन पांच महीने बाद केएम अस्पताल के न्यूरो सर्जरी टीम ने चमत्कार करके दिखाया है, उसका सफल ऑपरेशन कर उसकी याददाश्त वापस लौटा दी है, अब वह स्वस्थ है, आयुष्मान योजना के तहत उसका निःशुल्क इलाज किया गया है।

दरअसल, कोसीकलां के गोपालनगर में रहने वाली श्रीमती गुडिया के पति जमुना प्रसाद (45) का पांच महीने पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, वह न तो किसी को पहचान पा रहा था ना ही बोल पा रहा था। वह अपनी याददाश्त खो चुका था। परिजन मरीज को लेकर केएम अस्पताल आए जहां उन्होंने न्यूरो स्पेशिलिस्ट डा. संदीप चौहान को दिखाया। उन्होंने अस्पताल में मरीज को भर्ती कर उसका सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन की सफलता में डा. दुर्गेश यादव, डा. आशुतोष सिंह, डा. विवेक, डा. चिंतन, डा. निधि, डा. तन्मया, एनेस्थीसिया विभाग के डा. अंचल, पीजी डाक्टर कुलदीप, डा. सुरभि सहित ओटी इंचार्ज राहुल ठाकुर, नर्सिंग इंचार्ज घनश्याम व रंजीत का विशेष सहयोग रहा।

न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. संदीप चौहान ने बताया मरीज काफी गंभीर अवस्था में था, बिना ऑपरेशन के मरीज की जान बचाना मुश्किल था, दुर्घटना के कारण सिर में आई चोट की वजह से दिमाग की उल्टी साइड में ब्लड का काफी बड़ा क्लॉट जम गया था, जबकि सीधे हिस्से में छोटा क्लॉट जमा हुआ था, उसकी सिर के अंदर की हड्डी टूटी हुई थी, ऑपरेशन के दौरान यह ब्लड का थक्का को बाहर निकाल दिया गया।

# विहिप ब्रज प्रांत अध्यक्ष ने की गिरिराज पूजा, गोवर्धन प्रखंड कार्यकर्ताओं ने सम्मानित कर दी बधाइयां

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** विश्व हिंदू परिषद की हस्तिनापुर (मेरठ) में हुई ब्रज प्रांत अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल अग्रवाल की घोषणा से समूचे प्रांत में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ब्रज प्रांत अध्यक्ष ने सर्वप्रथम आराध्य गिरिराज महाराज का दुग्धाभिषेक कर विश्व शान्ति की कामना की। मंगलवार को नवागत विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने सभी कार्यकताओं के साथ मंदिर मुकुट मुखारविंद जतीपुरा पर पहुंच श्री गिरिराज महाराज का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात विहिप गोवर्धन प्रखंड के कार्यकताओं ने ब्रज प्रांत अध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया।

विहिप ब्रज प्रांत अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी से अध्यक्ष रनवीर सिंह, जिलामंत्री योगेश गौतम, उपाध्यक्ष डॉ ए के सैनी, धमाचार्य एवं कथा प्रवक्ता श्री ज्ञानेश गौड़ जी, महानगर मंत्री गोकुलेश गौतम, विभाग संगठन मंत्री उमाकांत का राम पुरोहित एवं गिरीश राजपूत ने स्वाफा बांधकर स्वागत किया। ब्रज प्रांत अध्यक्ष ने बांग्लादेश हिंदुओं पर हुए अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इसके विरोध में बृहद रूप से धरना प्रदर्शन होगा।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पूरे विश्व में हिंदुओं को टार्गेट कर उन ओर हमला किया जा रहा है, हिंदू अब तक पिटता आया है लेकिन अब नहीं पिटेगा बल्कि अब हिंदू पीटेगा।

इस अवसर पर गोवर्धन प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष श्रेयस गुजराती, प्रखंड मंत्री जगदीश गोकुलिया, सह संयोजक अमन कौशिक, योगेश कौशिक, राम, राजेश कौशिक, राम शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

# पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के लिए कोई समझौता नहीं किया बल्कि पूरा जीवन किसानों के लिए कार्य किया : सांसद पाल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन अम्बेडकर सभागार में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व0 चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती/किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जनपद के अन्नदाता किसानों को बधाई दिया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व0 चौधरी चरण सिंह जी किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होने किसानों के लिए कोई समझौता नहीं किया, पूरा जीवन किसानों के लिए कार्य किया, जिसके कारण उनकों किसानों का मसीहा के नाम से जानते हैं। मुख्यमंत्री उ0प्र0 ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व0 चौधरी चरण सिंह जी जयन्ती को सभी जनपदों में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। पहले जनपद के किसानों के पास सिंचाई व भण्डारण करने की व्यवस्था नहीं थी जिससे उनके फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। किसानों द्वारा दलहनी, तिलहनी फसलों में रिकार्ड उत्पादन करने पर बधाई दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार स्व0 चौधरी चरण सिंह द्वारा गरीबी उन्मूलन विधेयक व उ0प्र0 जोत अधिनियम लाया गया। सांसद प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल, उप कृषि निदेशक द्वारा अपना विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, उद्यान विभाग द्वारा सब्जी में केला, फूलगोभी, टमाटर, पत्तागोभी आदि में अच्छी पैदावार करने वाले किसान, मछली पालन में अच्छी पैदावार करने वाले लाभार्थी, अधिक गन्ना पैदा करने वाले, कृषि विभाग धान, गेहूं, सरसों, चना बाजार आदि में अच्छी पैदावार करने कुल 28 किसानो को माला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी व किसान आदि उपस्थित रहे।



# किसान सम्मान दिवस पर कृषकों को किया जागरूक

**वेलकम इंडिया**






**बागेश्वर** । गोविन्द मेहता, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर में किसान सम्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भारत सरकार द्वारा पारित नवविधेयक विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) बिल 2025 के विषय में गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी द्वारा किसानों को ऑनलाइन माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं नये बिल के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि मनरेगा के स्थान पर भारत सरकार द्वारा वीबीजीरामजी योजना लायी गई है, जिससे पात्र किसानों को वर्ष में 125 दिन कार्य की रोजगार गारंटी मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर के प्रभारी अधिकारी डा.एन.के सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में उन्नत पशुपालन, मुगीर्पालन एवं बकरी पालन की जानकारी दी, साथ ही बिल के विषय में विस्तारपूर्वक किसानों को बताया। कर्षि वैज्ञानिक डा. अमित कुमार द्वारा निकरा परियोजना के अंतर्गत रबी फसलों के वैज्ञानिक खेती विषय पर बीज उपचार, बीज की मात्रा, सिंचाई की विभिन्न अवस्थाएं तथा फसलों में लगने वाले विभिन्न रोग, कीट एवं इनसे बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थान के सेवानिवृत्त तकनीकी अधिकारी एवं सक्रिय प्रसार कार्यकर्ता ग्राम तुपेड़ निवासी शिव सिंह खेतवाल, नन्दन सिंह प्रगतिशील कास्तकार ग्राम प्रधान पालड़ीबगड़ गोपाल सिंह प्रगतिशील सब्जी उत्पादक ग्राम खौलसीर, निवासी नन्दी देवी पूर्व प्रधान ग्राम भिताड़ी कमला देवी सब्जी उत्पादक ग्राम छौना चम्पा रौतेला अध्यक्ष महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम मटेला, सब्जी उत्पादक ग्राम असों किसरौली निवासी बहादुर सिंह, ग्राम करालागांव निवासी हीरा सिंह, ग्राम गुरसाड़ी निवासी मुगीर्पालन में अजय कुमार मत्स्यपालक आनन्द सिंह सब्जी उत्पादक, ग्राम शीशाखानी, राजेन्द्र सिंह सब्जी उत्पादक ग्राम बंगचुड़ी आदि किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल तथा कुमाऊनी टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा कर लोगों को किया गया जागरुक

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने बढ़ते कुहरे की वजह से एन0एच0 पर कम दृश्यता के दृष्टिगत भारी वाहनो पर रिफ्लेक्टर लगा कर जागरुक किया गया तथा नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया गया तथा अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी ।

# एआईडीसीए ने डॉ मनोज तिवारी को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय की एमपी थियेटर मैदान पर बीसीसीआई से संबद्ध डिफरेंटली एबल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया व ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्य शक्ति सुगम्य भारत ट्रॉफी के भव्य समापन समारोह में दिव्यांगजनों के खेल को बढावा देने हेतु एआरटीसी, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू के वरिष्ठ परामर्शदाता व प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ मनोज कुमार तिवारी को ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष व सलाहकार बोर्ड उ.प्र. सरकार के सदस्य डॉ उत्तम ओझा ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विदित हो कि डॉ मनोज तिवारी विगत दो दशकों से दिव्यांगजनों के कल्याणर्थ अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। डॉ तिवारी पूर्वांचल के कई स्वयंसेवी संस्थाओं में दिव्यांगजनों के शीघ्र पहचान, आँकलन, परामर्श, पुनर्वास, शिक्षण एवं प्रशिक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। डॉ तिवारी को खेल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री गिरीश चंद्र यादव, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर सहित कई संस्थाओ द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ मनोज भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से पंजीकृत मनोवैज्ञानिक हैं। डॉ तिवारी ने 12 पुस्तकों का लेखन किया है जिसमें दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ दिव्यांगताः समग्र उपागम शामिल है, राष्ट्रीय के स्तर पर एक दर्जन से अधिक शोध-पत्रों के प्रकाशन के साथ ही साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मानसिक स्वास्थ्य, दिव्यांगता एवं अन्य समसामयिक विषयों पर 83 लेख लिखकर जन जागरूकता का कार्य किया है।

इस अवसर पर ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव डॉ संजय चौरसिया, महामंडलेश्वर दिव्यांग पीठाधीश्वर श्री कृपानंद महाराज प्रदेश के सुप्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी श्री केशव जालान, श्री अशोक चौरसिया महामंत्री भाजपा काशी क्षेत्र मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस अवसर पर पहल मनोचिकित्सा व परामर्श केंद्र के गौरव पाण्डेय, मंडलीय प्रबंधक श्री मनीष सिंह, राजेश उपाध्याय, फार्मासिस्ट पवन कुशवाहा, डॉ अमरजीत, शिप्रा चटर्जी, डॉ विनीत गुप्ता एवं बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने डॉ तिवारी को शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## सार संक्षेप

### वृंदावन में राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं उद्योगपतियों का हुआ भव्य सम्मान



**मथुरा /व्रन्दावन।** राष्ट्रीय मानव अधिकार फाउंडेशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विष्णु कांत त्रिपाठी एवं दुबई से आए भारतीय मूल के उद्योगपति इंजीनियर अनिर्बान दत्ता, डॉक्टर सुशीम माथुर, शालिनी त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी का वृंदावन आगमन पर रेडिसन होटल में लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के मथुरा जिला अध्यक्ष चेतन राघव एवं मथुरा विधानसभा अध्यक्ष अंकित तिवारी ने स्मृति चिन्ह और पटुका पहनाकर भव्य सम्मान किया। सभी आगुंतकों ने श्री बिहारी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। साथ ही ब्रज की विरासत और भगवान कृष्ण की लीलाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वृंदावन आकर उन्हें श्री बांके बिहारी का आशीर्वाद मिला है।

### चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि, बुंदेलखंड राज्य लेकर रहेंगे



**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के किसान, गांव और गरीब समर्थक विचारों को याद किया गया। कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चौधरी चरण सिंह ने शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, उसी तरह बुंदेलखंड क्रांति दल बुंदेलखंड के हक के लिए संघर्ष कर रहा है और पृथक बुंदेलखंड राज्य लेकर रहेगा। इस अवसर पर नईम मंसूरी, हरी नारायण श्रीवास्तव, विनोद वर्मा, आरिफ कमाल, कालीचरण श्रीवास, जगदीश विश्वकर्मा एवं पप्पू श्रीवास उपस्थित रहे। संचालन नईम मंसूरी ने किया !

### 27 दिसम्बर, को श्री गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार श्री गुरू गोविन्द सिंह जी की जयन्ती दिनांक 27 दिसम्बर, 2025 को कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत अवकाशों की अनुसूची में रखा गया है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त श्री गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर दिनांक 27 दिसम्बर, 2025 दिन शनिवार को अवकाश घोषित किया गया है।

# चोरी के चार गाड़ियों के इंजन के साथ कबाड़ी गिरफ्तार

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को साढ़े ग्यारह बजे मेंहदीगंज कबाड़ के दुकान से एक कबाड़ी को गिरफ्तार करते हुए काटी गई चार चोरी के गाड़ी का इंजन बरामद कर लिया।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी रखौना ओवरब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली मेंहदीगंज स्थित एक कबाड़ की दुकान पर चोरी की कुछ गाड़ियों को काटकर उसका इंजन अलग कर के रखा गया है।जिसपर चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ कि मेंहदीगंज स्थित बताए गए कबाड़ की दुकान पर पहुंचे तो दुकान पर मौजूद मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) निवासी मोहम्मद अली ने पुलिस को बताया कि मेरा कबाड़ का दुकान है।जब पुलिस दुकान के अंदर जाकर देखी तो कई गाड़िया के पार्ट अलग-अलग काट के रखे गए थे जिसमें दो इंजन टाटा गाड़ी की थी, एक इंजन ऑटो का और एक अन्य किसी चारपहिया गाड़ी का इंजन रखा हुआ था।

पुलिस द्वारा दुकानदार से गाड़ियों के जुड़ी कागजात मांगा गया तो कागजात नही दे पाया।जिसपर चौकी प्रभारी के तहरीर पर कबाड़ी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2) व 317(5) के तहत चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी कबाड़ी को जेल भेज दी।गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी के साथ एसआई अविनाश कुमार सिंह, कांस्टेबल दयाराम यादव व रामाश्रय सरोज रहे।

# राजा बुंदेला ने कला, संस्कृति और सिनेमा को दिया नया मंच : ऋषभ झा

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** ऐतिहासिक एवं विश्वप्रसिद्ध सांस्कृतिक नगरी खुजराहो में आयोजित खुजराहो फिल्म फेस्टिवल ने कला, संस्कृति और सिनेमा के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित की है।इस आयोजन ने देश-विदेश से आए फिल्म निमार्ताओं, कलाकारों और कला प्रेमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। फेस्टिवल के सफल आयोजन पर हिंदूवादी नेता ऋषभ झा ने आयोजक राजा बुंदेला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे भारतीय संस्कृति और सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

ऋषभ झा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल भारतीय कला और परंपराओं का संरक्षण होता है, बल्कि युवा और उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि खुजराहो जैसे ऐतिहासिक स्थल पर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से कई नवोदित कलाकारों और स्वतंत्र फिल्म निमार्ताओं को पहचान मिली है, जिससे उनके करियर को नई दिशा प्राप्त हुई है। फेस्टिवल ने रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी फिल्मों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

फेस्टिवल के दौरान विभिन्न श्रेणियों की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें सामाजिक विषयों, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और समकालीन मुद्दों पर आधारित फिल्में शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त कलाकारों और फिल्मकारों के लिए संवाद सत्र, कार्यशालाएँ और परिचर्चाएँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य युवाओं को फिल्म निर्माण की तकनीकी और रचनात्मक बारीकियों से अवगत कराना रहा।

ऋषभ झा ने कहा कि राजा बुंदेला के नेतृत्व में आयोजित इस फेस्टिवल को स्थानीय नागरिकों, कलाकारों और अतिथियों का भरपूर समर्थन मिला, जो इसकी सफलता का प्रमुख कारण रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में खुजराहो फिल्म फेस्टिवल और अधिक व्यापक तथा भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का किया गया

**वेलकम इंडिया/ मुहम्मद परवेज अख्तर**



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम महोदय द्वारा सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया ।

मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न अभियानों की समीक्षा यथा यातायात माह, साइबर अपराध, महिला अपराध की समीक्षा करते हुए जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं व पंजीकृत अभियोगों तथा लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया ।

महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही आदि के लिए निर्देशित किया । आपरेशन कनविक्शन के तहत गम्भीर अपराधों, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लूट आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये । चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

इसके अतिरिक्त जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।

# केंद्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग में हुजैफा फिरोजाबादी बने वरिष्ठ मेंबर

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ/ संतकबीरनगर।** केंद्रीय लोक शिकायत जाँच आयोग संस्थान ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हुजैफा फिरोजाबादी जी को वरिष्ठ मेंबर के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष नदीम भारतीय जी के आदेशानुसार की गई।इस अवसर पर आयोग के राष्ट्रीय संरक्षक बी. डी. नकवी साहब (सदस्य, उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार), उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हाजी जहीर अहमद, तथा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मुख्य सलाहकार एवं उत्तर प्रदेश चेयरमैन डॉ. शहजाद मलिक जी की विशेष संस्तुति रही।

हुजैफा फिरोजाबादी जी की नियुक्ति की घोषणा होते ही आयोग से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए दिल से बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने सामाजिक कार्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण, ईमानदारी और सक्रिय भूमिका के लिए पहचाने जाने वाले हुजैफा फिरोजाबादी जी लंबे समय से लोक शिकायतों, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। उनकी कार्यशैली, व्यवहार कुशलता और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि हुजैफा फिरोजाबादी जी आयोग की नीतियों और उद्देश्यों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।

# डीएम ने स्व0 चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को जनपद में किसान सम्मान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय किसान मेला/कृषि प्रदर्शनी तथा जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी का आयोजन संतकबीर अकादमी आडिटोरियम, मगहर में किया गया।

किसान सम्मान दिवस/सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंसन योजना अंतर्गत किसान मेला/प्रदर्शनी एवं जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी का आयोजन कार्यक्रम अंतर्गत जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा फीता काटकर विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आयोजित कृषि प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। अवलोकन/निरीक्षण में उद्यान विभाग, पाली वेजिटेबल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला कार्यक्रम विभाग, उद्योग विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, फसल बीमा, इत्यादि का स्टाल सर्वोत्तम पाया गया। कार्यक्रम के अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत मगहर नूरुलजमा अंसारी एवं जिलाधिकारी द्वारा चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर जनपद के सभी किसानों को शुभकामनाएं दी गई।

जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि वर्तमान समय में कृषि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य सभी विभागों द्वारा अपनी योजनाओं अंतर्गत किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है और उनके द्वारा समय समय पर समीक्षा करते हुए इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उर्वरक की उपलब्धता सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में सुनिश्चित की जा रही है, किसानों को किसी प्रकार की समस्या का समाधान ससमय किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा की कृषि में अभी बहुत चुनौतिया है जिनका सामना करना है, दिन प्रतिदिन जनसँख्या बढ़ रही है और जोत निरंतर कम होते जा रहे है। अतः किसानो को चाहिए की वे कम संसाधनों में ज्यादा पैदावार प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने अवगत कराया की किसानों की समस्याओ के समाधान हेतु हर माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन होता है जहां किसानों की समस्याओ का त्वरित समाधान किया जाता है।

# कैशलेस इलाज की घोषणा को अमल में लाये सरकार: चेत नारायण सिंह

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी चेत नारायण सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार का कैशलेस कैशलेस इलाज की सुविधा देने को लेकर गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक दिवस पर किए गए घोषणा को अभी तक अमल में नहीं लाया गया है। जिससे शिक्षक समुदाय शशंकित है। सरकार को अपने वादे के मुताबिक कैशलेस इलाज से सबंधित राजाज्ञा तुरंत निकालना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार केशलेस इलाज की घोषणा करके पूरे प्रदेश में वाह-वाही बटोरी थी और बड़े-बड़े अखबारों में विज्ञापन देकर प्रचार प्रसार किया था। लेकिन घोषणा के चार माह बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कैशलेस इलाज की राजाज्ञा नहीं आई। लगता हैं कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। इससे प्रदेश भर के कर्मचारी व शिक्षक सशंकित हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार की घोषणा के मुताबिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइयों को यह सुविधा प्रदान की जानी थी।

प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा है कि सरकार को अपने घोषणा के मुताबिक तत्काल कैशलेस इलाज की राजाज्ञा निकालनी चाहिए जिससे प्रदेश के शिक्षक कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके। सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतरी तो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# धोखाधड़ी से निकाली गई बाइक के साथ दो फाइनेंस एजेंट गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे की हीरो एजेंसी मैं तैनात कर्मचारी ने एक अन्य फाइनेंस एजेंट के साथ मिलकर एक व्यक्ति के दस्तावेजों की चोरी कर फाइनेंस कंपनी से बाइक निकाल कर बेच दी ।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक बरामद कर जेल भेज दिया है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़ खेड़ी निवासी नवाब ने न्यायालय के आदेश पर थाने पर अभियोग दर्ज कराया था।

पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि पीड़ित का कैराना के पंजाब नेशनल बैंक में खाता है, दिनांक 7 फरवरी 2025 को पीड़ित के खाते से 3532 रुपए काटने का एसएमएस प्राप्त हुआ, पीड़ित ने दो दिन बाद जाकर जब बैंक में मैनेजर से जानकारी की तो मैनेजर द्वारा बताया गया कि उसने श्रीराम कंपनी से बाइक निकलावा रखी है। पीड़ित तुरंत बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत स्थित श्री राम कंपनी के कार्यालय पर पहुंचा और अपने कागजात दिखाएं, कंपनी के द्वारा दिखाए गए कागजात पर पीड़ित के फोटो नहीं थे किसी अन्य व्यक्ति के फोटो लगाए गए थे, श्रीराम फाइनेंस कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि दस मई 24 को कस्बे के दिल्ली रोड स्थित रुद्र ऑटोमोबाइल कंपनी से आपकी बाइक निकाली गई है।

पीड़ित ने,श्रीराम कंपनी के मैनेजर, फाइनेंसर अक्षय चौहान व प्रवीण शर्मा सहित तीन अज्ञात पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसके दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को गवाह बनकर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल निकला ली। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर थाने पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फाइनेंस कंपनी के एजेंट अक्षय चौहान निवासी ग्राम लूम जनपद बागपत व ईशाम सिंह निवासी थाना नांगल जनपद सहारनपुर को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### पकड़े गए दोनों आरोपी है फाइनेंस कंपनी के एजेंट

कांधला। पुलिस ने पकड़े दोनों आरोपी फाइनेंस कंपनी के एजेंट है एक श्री राम फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी है तो दूसरा मोफिन ग्रीन कंपनी में लोगों की फाइनेंस कराता है। पुलिस हिरासत में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि उन दोनों की मुलाकात कंपनी के द्वारा रखे गए सेमिनार के जरिए हुई थी। दोनों आरोपियों ने सांठ–गांठ करते हुए बाइक कांधला से निकलकर सहारनपुर भेज दी थी ताकि आसानी से पकड़ में ना आ सके। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों से बाइक बरामदकर जेल भेज दिया है।

## युवती को भगा ले जाने पर दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही दो सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला से शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर पहले देते हुए बताया कि पड़ोस के ही आसिफ व दानिश पुत्र जमील पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर से नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी युवती और दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका। दोनों ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही युवती को बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



वेलकम इंडिया


**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों तथा आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल श्वेता ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल व मैसेज से सतर्क रहने, ऑनलाइन ठगी से बचने तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी। टीम ने छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और कानून का सहारा लेने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जागरूकता संबंधी सवाल पूछे, जिनका टीम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## चाइनीज मंझे को प्रतिबंधित करने के लिए विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष ने एडीएम सिटी से किया वार्ता

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** चाइनीज मंझे के इस्तेमाल से रोजाना हो रहे घटना को लेकर सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ₹विश्वकर्मा₹ ने एडीएम सिटी आलोक वर्मा से फोन पर वार्ता किया एवं चाइनीज मंझे पर प्रतिबंध लगाने की मॉग उठाई उन्होने अपर जिला अधिकारी आलोक वर्मा से कहा कि कहा कि आए दिन चाइनीज मंझे के प्रयोग से रोजाना कही न कही आमजन हादसे के शिकार हो रहे है एवं चाइनीज मंझे के इस्तेमाल से लोगो के गर्दन कटने एवं मौत होने की सूचना लगातार प्राप्त हो रही है ।सपा नेता विष्णु शर्मा विश्वकर्मा ने कहा कि चाइनीज मंझा अभी भी पुलिस के नाक के नीचे चोरी छुपके विक्रय किया जा रहा है चाइनीज मंझे को पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए हर थाने एवं उसके अन्तर्गत आने वाले पुलिस चौकी के प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र मे जनजागरण अभियान चलाकर लोगो को प्रयोग न करने के लिए प्रेरित करने की मांग उठाई एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने जल्द चाइनीज मंझे को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के लिए हर इलाको मे पुलिस प्रशासन द्वारा जनजागरण अभियान चलाकर रोक लगाने के लिए आश्वस्त किया।

## भ्रष्टाचार रोकने हेतु उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा प्रभावी एवं सख्त कदम

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण में पारदर्शिता,जवाबदेही एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा प्रभावी कदम उठाए गए हैं प्राधिकरण क्षेत्र अंतर्गत मानचित्र स्वीकृति, निर्माण अनुमति,अवैध निर्माण अथवा किसी भी प्रकार की विभागीय कार्यवाही के नाम पर यदि किसी अधिकारी,कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धनराशि की मांग की जाती है,तो इसकी शिकायत सीधे उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा के मोबाइल नंबर 7518102802 पर की जा सकती है

उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में मानचित्र स्वीकृति एवं निर्माण संबंधी सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार व पारदर्शी तरीके से संपादित की जाऐं किसी भी स्तर पर अनियमितता, अवैध वसूली अथवा भ्रष्ट आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

इस संबंध में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी शिकायतकर्ता की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी जिससे आम नागरिक बिना किसी भय के अपनी बात रख सकें उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध मांग के आगे न झुकें तथा तत्काल इसकी सूचना प्राधिकरण को दें ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# श्रद्धा से मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम भभीसा में सुरेश प्रधान भभीसा के फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र एवं कस्बे व देहात से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरूआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी विचारों का स्मरण किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर सुरेशपाल प्रधान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और समाजवादी पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में ग्राम भभीसा, नाला, डांगरोल, एलम, भारसी, हरमुजपुर, सुन्ना, डागरौड, कनियान, किवाना, मखमूलपूर आदि गांवों लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### मारपीट के आरोपियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**बुलंदशहर।** अभियुक्तगण सुनील पुत्र शिशुपाल राजरानी पत्नी सुनील निवासीगण ग्राम धारकपुर थाना रामघाट जनपद बुलंदशहर द्वारा वर्ष-2020 में वादी राजेश के परिवारीजनों के साथ लोहे की रॉड से मारपीट कर एक व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था जिसके संबंध में दिनांक 29.04.2020 को थाना रामघाट पर मुअसं- 53/2020 धारा-304/323/504 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 26.07.2020 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। *इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए* मॉनीटरिंग सैल बुलंदशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई।

## कैथोलिक डिओसस ऑफ वाराणसी बिशप हॉउस में 25 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा क्रिसमस



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** आगामी 25 दिसम्बर को होने वाले क्रिसमस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु कैंटोंनमेन्ट क्षेत्र स्थित कैथोलिक डिओसस ऑफ वाराणसी बिशप हॉउस में किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन बिशप यूजीन जोसेफ ने मिडिया से वार्ता के दौरान कहा की वाराणसी के कैथोलिक धर्मप्रांत की ओर से सभी को खीस्तजयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ, आशा और शांति से भरा नया वर्ष 2026 की मुबारक हों प्रभु यीशु का जन्म हमें याद दिलाता है कि परमेश्वर हर इंसान के पास, खासतौर पर जो कमजोर हैं, गरीब हैं क्रिसमस हमें याद दिलाता है कि प्रभु यीशु में, इम्मानुएल ईश्वर हमारे साथ मानव जीवन में प्रवेश कर चुके हैं हर परिवार की दुर्बलता और आशाओं को साझा करते हुए जो सुरक्षा, आजीविका और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है युद्ध, विस्थापन, आर्थिक संकट और पारिस्थिति की संकट से ग्रस्त इस दुनिया में, बेथलेहम का विनम बालक गरीबों और सृष्टि के प्रति परमेश्वर की निकटता दशार्ता हैं यह पवित्र मौसम वाराणसी और उससे बाहर के सभी लोगों को उदासीनता से ऊपर उठने, समाज में फैलने वाले घृणा को ठुकराने और सभी धर्मों व समुदायों के बीच करुणा और मेलजोल की कड़ियों को मजबूत करने का आमंत्रण देता है।

## ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर उज्जैन अधिवेशन में कैलाशचन्द्र पाण्डेय को सम्मान : संपूर्णा नन्द पांडेय

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी ।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय ने बताया कि पवित्र नगरी उज्जैन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के ज्योतिष महाधिवेशन के अवसर पर कालीदास एकेडमिक सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सचिव कैलाशचन्द्र पाण्डेय को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर गौरवांवित किया गया यह अधिवेशन देशभर से पधारे विद्वान ज्योतिषाचार्यों, शोधकताओं एवं धर्मप्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुओ कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों राजेश शर्मा ने श्री पाण्डेय द्वारा वर्षों से ज्योतिष विद्या के प्रचार-प्रसार, जनकल्याण हेतु किए गए मार्गदर्शन एवं शास्त्रीय परंपरा के संरक्षण की सराहना की। सम्मान प्राप्त करते हुए कैलाशचन्द्र पाण्डेय ने इसे अपने गुरुओं के आशीर्वाद, माता-पिता की प्रेरणा तथा समाज के सहयोग का प्रतिफल बताया उन्होंने कहा कि ज्योतिष केवल भविष्य कथन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने का शास्त्र है और वे आगे भी इस विद्या को लोककल्याण से जोड़कर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, शोधपत्र प्रस्तुतिकरण तथा ज्योतिषीय विमर्श भी आयोजित किए गऐ श्री पाण्डेय के सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है और उन्हें अतराष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नवानी, राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ.अमित तिवारी राष्ट्रीय संपूणार्नंद पाण्डेय, अजय मिश्रा महासचिव प्रशासनिक ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दृष्टि उपहार शिविर में 107 मरीजों का पंजीकरण, 24 का ऑपरेशन हेतु चयन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** भारत विकास परिषद सत्यम एवं रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क मोतियाबिंद जाँच, ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुओ यह शिविर आर जे शंकरा नेत्र अस्पताल सहयोग से प्राथमिक विद्यालय चौकाघाट में आयोजित किया गया।

इस सेवा शिविर में जरूरतमंद वर्ग विशेषकर बुजुर्गों, श्रमिकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की शिविर के दौरान कुल 107 मरीजों ने पंजीकरण कराया जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत नेत्र जाँच की गई जाँच उपरांत 24 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया जिन्हें संस्था द्वारा निःशुल्क बस सुविधा के माध्यम से शंकरा नेत्र अस्पताल भेजा गया चयनित मरीजों के लिए शंकरा नेत्र अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण, दवाइयाँ, भोजन एवं रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई साथ ही अगले दिन मरीजों को वापस लाने की व्यवस्था भी की गई इस प्रकार पूरा उपचार, दवाई, भोजन, रात्रि विश्राम एवं परिवहन पूर्णतः निःशुल्क रहा।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद सत्यम शाखा के अध्यक्ष मानद डॉ.सचिन अग्रवाल ने कहा कि परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना है और ह्रदृष्टि उपहारह्न जैसे सेवा प्रकल्प जरूरतमंदों के जीवन में पुनः उजाला लाने का सशक्त माध्यम हैं कार्यक्रम में विशेष सहयोग दे रहे निवर्तमान अध्यक्ष विकास रत्न सुनील कपूर ने कहा कि दृष्टि उपहार जैसे सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना हमारे सत्यम परिवार के लिए सौभाग्य का अवसर रहो ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों के जीवन में नई रोशनी लाना ही हमारा उद्देश्य है ।

## अति प्राचीन श्री कृत्तिवासेश्वर महादेव मंदिर में 25 से 31 दिसम्बर तक श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**वाराणसी।** काशी खण्डोक्त महिमा से अलंकृत काशी नगरी में स्थित अति प्राचीन श्री कृत्तिवासेश्वर महादेव मंदिर हरतीरथ महामृत्युंजय रोड वाराणसी में आगामी 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन शिवभक्तों के आध्यात्मिक उत्थान एवं शिवतत्त्व के प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है कथा प्रतिदिन सायं 3:30 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित होगी श्री शिवमहापुराण कथा का वाचन पंडित आशीष शुक्ल (कर्मकाण्डीय एवं ज्योतिषविद) द्वारा किया जाएगा जबकि व्यासपीठ से डाक्टर मोहनचन्द्र अवस्थी द्वारा श्री शिवमहापुराण का मूल पारायण किया जाएगा कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, लीलाएँ, शिव पार्वती विवाह, भक्ति, वैराग्य एवं मोक्ष मार्ग का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा । कथा उपरांत प्रतिदिन सायं सात बजे के बाद विधिवत आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है तथा बड़ी संख्या में शिवभक्तों के सम्मिलित होने की संभावना है।

## किसान सम्मान दिवस समारोह एंव मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में भारत रत्न स्व० श्री चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मदिवस 23 दिसम्बर 2025 को कृषि विभाग के द्वारा किसान सम्मान दिवस समारोह एवं श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यकम का आयोजन पैतृक ग्राम नूरपुर मढैय्या मे राजकीय कन्या इन्टर कालेज के ग्राउड में किया गया। मेला स्थल पर स्थित भारत रत्न स्व० श्री चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भा०ज०पा० उ०प्र० एवं अभिषेक पाण्डेय, जिलाधिकारी हापुड़, हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़ एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर उक्त किसान मेला प्रदर्शनी का उदघाटन किया।

इसके उपरान्त हरेन्द्र सिंह तेवितया जी मा० विधायक गढ़मुक्तेश्वर, सतेन्द्र शिशौदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष, पं० उ०प्र०, कविता माधरे, जि०अ०, भा०ज०पा०, हापुड़, डा० सोमेन्द्र तोमर, उर्जा राज्य मंत्री, उ०प्र० सरकार, नरेश तोमर, पूर्व जि०अ०, भा०ज०पा० हापुड़, रेखा नागर जी मा० जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़, ममता तेवतिया जी. मा० क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, विकास खण्ड हापुड़, रविन्द्र सिंह, जि०अ०, रा०लो०द० एवं अन्य समस्त जनप्रतिनिधियो के द्वारा गा० स्व० चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जलित किया गया। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, गन्ना एवं अन्य कृषि से सम्बन्धित समस्त विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे। मेला उ?द्घाटन के उपरान्त सभी जनप्रतिनिधि गणो द्वारा मेले में विभिन्न विभागो एवं संस्थाओं द्वारा लगाये गये स्टॉलो का निरीक्षण किया।

योगेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी गण एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया एवं विभागीय अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। इसके उपरान्त कृषि विज्ञान केन्द्र से उपस्थित वैज्ञानिक डा० पी०के० मण्डके, डा० अरविन्द यादव, डा० नीलम के द्वारा कृषको को अपने-अपने विषय से सम्बन्धित नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में एवं मिलेट्स फसलों एवं सामयिक फसलों के बारे में कृक्षको को जानकारी दी गयी। मेले में उपस्थित कृषको एवं जनमानस को सांस्कृतिक कार्यकम तथा पपेट शो के माध्यम से मिलेट्स के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी।

तकनीकी सत्र के उपरान्त किसान सम्मान दिवस समारोह में कृषि विभाग के दलहन फसल (उर्द) में 01 कृषक राज्य स्तर पर तृतीय स्तर पर तथा जनपद स्तर पर कृषि विभाग-13, उद्यान-10, पशुपालन-10, मत्स्य-04 एवं गन्ना 10 कुल 47 कृषको को सम्मानित किया गया जिनकी सूची संलग्न है ।सम्मानित किये गये कृषको को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर जनप्रतिनिधिगणो के द्वारा सम्मानित किया गया। भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भा०ज०पा० उ०प्र० के द्वारा भारत रत्न स्व० श्री चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जीवन परिचय के बारे में तथा कृषको को कृषि विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। अभिषेक पाण्डेय, जिलाधिकारी हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जन सामान्य को मिलेट्स की उपयोगिता एवं मिलेट्स रेसीपी भोजन की थाली में प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया तथा मिलेट्स फसलों के उत्पादन करने तथा मिलेट्स रेसीपी का उपभोग करने हेतु जागरूक किया गया। कृषको को लन्च पैकट वितरण के उपरान्त श्री गौरव प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी, हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर

# हवन कर श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ )।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की123वीं जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने हवन, यज्ञ कर चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं डॉक्टर डॉ. देवेंद्र शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली पार्टी, वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सभासदगण उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके किसान-हितैषी विचारों और सिद्धांतों को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने सदैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया। उनके विचार और नीतियाँ आज भी प्रासंगिक हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में दीपक चौधरी, रूपेश पुनिया, रविंद्र नेहरा, वेद प्रकाश चौधरी, परमिंदर चौधरी, सतेंद्र तोमर, पिंकी चौधरी, संजय चौधरी, संजीव चौधरी, नीरज तेवतिया, नरेंद्र चौधरी, कृष्णावीर जून, विपिन चौधरी, अमित कराटे, अमित चौधरी, सोनू कुमार, संजय चौधरी, गोल्डी नेहरा, जितेंद्र चौधरी, करणवीर सिंह, ललित त्यागी, बलराज गुज्जर, राहुल राणा, मोहन सिंह, सुमन चौधरी, आकाश शर्मा, दीपांशु मलिक, अजय मलिक, सागर गुप्ता, अनिल सैन, अनिल आर्या, सूबे सिंह, धर्मवीर मास्टर, देवेंद्र चौधरी (डायमंड) आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक संपन्न

**गाजियाबाद।** जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े बुनियादी ढांचे, यातायात, विद्युत, जल निकासी, पर्यावरण और निवेश से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ योजना इंडस्ट्रियल पॉकेट-बी में अवस्थापना सुविधाओं के विकास की मांग रखी गई। इस पर जीडीए प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है, जिसे शीघ्र ही प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

# दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा सदन में मांग की

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** विधान परिषद सत्र में दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन को तेजी से आगे बढ़ाने में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य स्वच्छता अभियान गतिमान है। प्रदेश के स्कूल कालेज में फैली गंदगी एक गम्भीर समस्या है। जिसके कारण शिक्षारत छात्रों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता है। स्कूल कालेजों के शौचालयों में समुचित सफाई न होने के कारण स्थिति गम्भीर है। प्रदेश के कई स्थानों पर शौचालयों में पानी साबुन तक के सामान्य चीजों का अभाव रहता है। राजधानी लखनऊ में तो कई कालेज के छात्र-छात्राएं बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रहे है। कहीं शौचालयों में दरवाजें नहीं है तो कही खिड़कियों में शीशे नहीं है। ऐसी स्थिति में छात्रायें शौचालय का इस्तेमाल करने से कतराती हैं। राजधानी के आई०टी० गुरूनानक गर्ल्स पी०जी० कालेजों समेत एक दर्जन कालेजों के शौचालयों की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। यह स्थित राज्य के कई विद्यालय जानकारी में है, गाजियाबाद, आजमगढ़, बरेली, जौनपुर और पीलीभीत जैसे जनपद उदाहरण हैं। हालात यह है कि शैनेट्री नैपकीन शहर के अधिकांश महिला विद्यालयों में नहीं है। कुछ स्थान जहां मशीनें लगी थी वो भी हटा दी गयी है। इसलिए लोक महत्व के इस तात्कालिक अविलम्बनीय विषय को ध्यान में रखते हुए राज्य में विद्यलाय-महाविद्यालयों में अभियान चलाकर शौचालय विशेषकर महिला शौचालय ठीक कराये जायें और विद्यालयों में यथा सम्भव शैनेट्री नैपकीन की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु मांग की।

साथ ही राज्य में स्वाथ्य सेवाये को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व की सरकार में जितना सुधार और सहूलियत हो रहा है। उसको लेकर सर्वत्र सराहना भी हो रही है किन्तु फजीर्वाडा करने वाले लोग लगातार उसमें रास्ते खोजने का काम कर रहे है।राजधानी लखनऊ समेत राज्य के अलग-अलग जनपदों में इस तरह की जानकारया मिली है कि जो अस्पताल बंद किये गये थे उन्ही स्थानों पर नये नामों स अत्यताल संचालित हो रहे हैं. स्वास्थ्य एक संवेदन शील विषय है। स्वास्थ्य सेवायें कै प्रति मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री पूरी तौर पर संजीदा है। फिर भी इस तरह के उदाहरण लापरवाही विभागीय खगोशी निगरानी शुन्यता के कारण उत्पन्न है।इसी तरह की विशेष परिस्थिति होने पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़े होने की स्थिति उत्पन्न करते हैं। बंद अस्पतालों को पुनः अवैधानिक तरीके से चलाये जाने पर जन आक्रोशित है। इसपर कार्यवाही की मांग की।

# चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माला अर्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वतंत्रता सेनानी किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर गांव चित्तौड़ा में चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माला अर्पण कर हवन पूजन के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी ने अपने विचार रखे रालोद सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा चौधरी साहब ने अपने जीवन में हमेशा किसान कमेरे वर्ग और अपने देश की तरक्की के लिए कार्य किया चौधरी चरण सिंह साहब दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भारत सरकार के वित्त मंत्री गृहमंत्री रहने के साथ ही भारत के प्रधानमंत्री बने उन्होंने आजीवन किसानों के हित में कार्य किये उन्होंने जमीदारा उन्मूलन एक्ट बनाकर सभी किसान वर्ग को जमीन का मालिक बनाया चकबंदी कानून आदि बहुत से ऐसे कार्य किये' जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया ने कहा चौधरी साहब का जीवन सादगी भरा रहा हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए इसके अलावा कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर हरिकांत शर्मा' दिलावर सिंह' रामकुमार सिंह' मनोज कुमार' इंद्रपाल डायरेक्टर' आदि ने अपने विचार रखे इस अवसर पर हरेंद्र सिंह' जोगेंद्र सिंह' सोहनपाल सिंह' समरजीत सिंह' समीर चौधरी' नक्षराज सिंह' आनंद सिंह' इदरीश प्रधान' अरविंद प्रधान' जगपाल सिंह' संजीव कुमार' अमित कुमार' विनीत कुमार' विजयपाल सिंह' यशपाल सिंह' ऋषिपाल सिंह' सुरजीत सिंह' सुमन वीर सिंह' सरजीत सिंह' मानसिंह' किशनवीर सिंह' पारथ सिंह' बलजीत सिंह' जितेंद्र सिंह' नीरज सिंह' वीरपाल सिंह' बिजेंद्र सिंह' नरेंद्र सिंह' राजीव सिंह' सुरेंद्र सिंह' मास्टर योगेंद्र सिंह' राजकुमार सिंह' आदि सैकड़ो लोग इस अवसर पर मौजूद।

## किसान, गांव और गरीब को राजनीति का केंद्र बनाने वाले थे चौधरी चरण सिंह

**गाजियाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के सच्चे हितैषी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को मेरठ रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा और सम्मान के साथ माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व महापौर और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह श्रद्धा, सम्मान और विचारों के स्मरण से ओतप्रोत नजर आया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने चौधरी चरण सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किसान, गांव और गरीब को केवल नारा नहीं बल्कि राजनीति के केंद्र में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन किसानों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा।

# राज्य ललित कला अकादमी द्वारा क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदी आईफा आर्ट गैलरी में राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ( संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश), आई. एन. एम. पीजी कॉलेज मेरठ एवं आईफा मोदीनगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन मोदी आईफा आर्ट गैलरी में हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई( सांसद राज्यसभा) विशिष्ट अतिथि श्री आनंद नारायण( प्रख्यात कलाकार) एवं डॉ. मयंक अग्रवाल( प्रति कुलाधिपति आई.आई.एम.टी विश्वविद्यालय मेरठ) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के 14 जिलों विख्यात कलाकारों ने अपनी कलाकृति को प्रदर्शित किया है।इस भव्य चित्रकला प्रदर्शनी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी वरिष्ठ राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने सहभागिता की जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉ राम शब्द सिंह,डॉ०दिनेश शर्मा, डॉ आर ए अग्रवाल, प्रोफेसर वंदना वर्मा, प्रोफेसर मधु बाजपेई, प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता,प्रोफेसर किरण प्रदीप, प्रोफेसर नीतू वशिष्ठ, प्रोफेसर अर्चना रानी, प्रोफेसर राजेंद्र राजन, डॉ प्रवीण सैनी, डॉ रीता मोहन, डॉ पवन कुमार, डॉ लता वर्मा, डॉ रेनू यादव आदि वरिष्ठ कलाकारों ने सहभागिता की। प्रदर्शनी की संयोजका/ सदस्य (राज ललित कला अकादमी लखनऊ) डॉ. दिशा दिनेश ने बताया इस प्रदर्शनी में चित्रकला, प्रिंट मेकिंग, समकालीन एवं लोक कला की विविध शैलियों के माध्यम से समाज, प्रकृति और समकालीन विषयों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया है।

## श्री हंस इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के अध्यापक प्रमोद कुमार ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार जी ने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों के लिए किए गए सराहनीय कार्य पर प्रकाश डालकर बताया कि इसलिए चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा कहे जाते हैं। उनकी सादगी व ईमानदार नेता के रूप में उनकी छवि बाकी नेताओं से अलग करती है। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर व कलाध्यापक डॉक्टर अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार व समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गांव खंजरपुर में अजीत सिंह व रालोद की वरिष्ठ नेता बिट्टू खंजरपुर ने खंजरपुर ने भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अजीत सिंह के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रालोद की वरिष्ठ नेता बिट्टू खंजरपुर, किसान नेता ब्रजवीर दहिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने किसानो मजदूर और गरीबों के लिए कार्य किए हैं। आज भी उनके कार्य को प्रदेश में देश की जनता याद करती है ।हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर देश के विकास को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्र बोस रामपाल दादा जितेंद्र चौधरी अशोक चौधरी शेखर विराट सांगवान कुशल पाल आयुष गप्पू चौधरी राजा लकी दिनेश चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

## दिव्यांग पार्क को बोटिंग पार्क में बदलने की योजना पर आईपीए एवं अभिभावकों ने खोला मोर्चा

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित उत्तर प्रदेश के पहले ह्यदिव्यांग पार्कह्ण के अस्तित्व पर उठे सवालों ने अब एक गंभीर और संवेदनशील चर्चा को जन्म दे दिया है। वर्ष 2020 में माननीय केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह द्वारा उद्घाटित यह विशेष पार्क हजारों दिव्यांग बच्चों के शारीरिक, मानसिक उपचार (थेरेपी) और गरिमापूर्ण जीवन का एकमात्र सहारा रहा है। पार्क के सौंदर्यीकरण एवं बोटिंग प्रोजेक्ट की योजना के बीच, जीआरएपी-4 की पाबंदियों के दौरान जिस प्रकार 19 दिसंबर की रात को पार्क को खोदने की कार्रवाई की गई, उसने दिव्यांग बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और भविष्य को लेकर अभिभावकों में गहरी चिंता और रोष व्याप्त है। आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि विकास की कोई भी योजना इन दिव्यांग बच्चों के एकमात्र सुरक्षित एवं अनुकूल स्थान की कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकती।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, अभिभावकों ने शनिवार, 20 दिसंबर को जीडीए सचिव श्री राजेश कुमार सिंह (आईएएस) से भेंट कर अपनी आपत्तियाँ और चिंताएँ स्पष्ट रूप से रखीं थी ।इसके पश्चात सोमवार, 22 दिसंबर को जीडीए अधिकारी श्री विजेंद्र गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को देखकर अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों का रुख स्पष्ट और दृढ़ है विकास तभी स्वीकार्य है जब वह समावेशी हो। केवल मौखिक आश्वासन से दिव्यांग बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इंदिरापुरम के ये विशेष बच्चे और उनके परिवार आज शासन-प्रशासन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं कि अधिकारी अपने वचनों पर खरे उतरेंगे। यह समय केवल योजनाएँ बनाने का नहीं, बल्कि इस ह्यविशेषह्ण धरोहर को व्यावसायिकता के अतिक्रमण से बचाने का है, ताकि यह सिद्ध हो सके कि उत्तर प्रदेश का प्रशासन संवेदनशील, समावेशी और न्यायप्रिय है।

## नमो भारत रेल में आपत्तिजनक वीडियो कांड, सीसीटीवी फुटेज वायरल करने वाले ऑपरेटर पर केस दर्ज, कर्मचारी बर्खास्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नमो भारत रेल के प्रीमियम कोच में छात्रा और युवक की आपत्तिजनक गतिविधियों का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस प्रकरण में मुरादनगर थाने में ट्रेन ऑपरेटर ऋषभ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि वीडियो में नजर आ रहे छात्रा और युवक को फिलहाल अज्ञात रखा गया है। मामला सामने आने के बाद नमो भारत रेल की सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि छात्रा और युवक की हरकतों से जुड़े चार वीडियो तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे। ये सभी वीडियो नमो भारत रेल के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए थे। आरोप है कि ट्रेन ऑपरेटर ऋषभ ने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया और फिर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# राज चौपला से किल्होड़ा तक 10 मीटर चौड़ा होगा हापुड़-मोदीनगर मार्ग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नए साल में मोदीनगर और हापुड़ के लोगों को नया तोहफा मिलने जा रहा है। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोदीनगर हापुड़ मार्ग को 10 मीटर चौड़ा किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके लिए 3 करोड़ 79 लाख रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। सांसद राजकुमार सांगवान और मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच ने क्षेत्र वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

मोदीनगर से हापुड़ तक वाहनों का आवागमन बड़ी भारी संख्या में रहता है। वाहनों की अधिकता होने के कारण यहां पर हादसों की संख्या बढ़ती जा रही थी। इसको लेकर बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। सांसद ने मुख्यमंत्री को बताया था कि रोड को चौड़ा किए जाने की जरूरत है जिसके चलते लाखों लोगों को रोजाना इसका फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे। लोक निर्माण विभाग की तरफ से सर्वे पूरा करके इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। विभाग की तरफ से 3 करोड़ 79 लाख 67 हजार रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। राज चोपला मोदीनगर से किल्होड़ा हापुड़ की सीमा तक 12.375 किमी रोड के 10 मीटर चौड़ीकरण का काम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। इसको लेकर लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। बागपत लोकसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों को हरी झंडी दी है। आगे भी विकास कार्यों को बल मिलेगा।

# सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने राज चोपला स्थित पार्टी कार्यालय पर पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 123 वा जन्म दिवस धूमधाम से मनाया ।कार्यकताओं में इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने विचार व्यक्त किए।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से रमेश प्रजापति राष्ट्रीय सचिव,कालूराम धामा प्रदेशसचिव, गिरीश मथुरिया प्रदेश महासचिव पिछड़ावर्ग, मनीष बंसल जिला कोषाध्यक्ष, कमलेश चौधरी पूर्व महिला अध्यक्ष ,महावीर गुज्जर, पंकज भारद्वाज,बॉबी सेन, राजेश जाटव, कर्मवीर सिंह, देविंदर कौशिक, मांगेराम सेन, सोनू शर्मा, अमित कुमार, संजीव कुमार,फैसल खान फेसाल अंसारी,राज कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने 68 एमएलडी एसटीपी का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत सीवरेज योजना (करहैड़ा जोन) के तहत निमार्णाधीन 68 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एसटीपी सहित समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को परियोजना के तकनीकी व वित्तीय पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना की स्वीकृत लागत 54,694.55 लाख रुपये है, जबकि अनुबंधित लागत 39,061.52 लाख रुपये (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) निर्धारित की गई है। परियोजना का कार्य 11 दिसंबर 2023 से प्रारंभ हुआ है तथा इसे 08 जून 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्त्वपूर्ण परियोजना का निर्माण कार्य मैसर्स खिलारी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन के बाद अर्थला और करहैड़ा ड्रेन में प्रवाहित होने वाले घरेलू अशोधित सीवेज की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। इसके अंतर्गत 155 किलोमीटर लंबा सीवर नेटवर्क, 3 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस), 1 मेन पंपिंग स्टेशन (एमपीएस), 68 एमएलडी क्षमता का एसटीपी तथा 67,669 सीवर गृह संयोजन स्थापित किए जाएंगे। यह महत्वाकांक्षी योजना मोहन नगर जोन के 10 वार्डों-अर्थला, भौपुरा, गगन विहार, करहैड़ा, राजेन्द्र नगर, गरिमा गार्डन, राजीव कॉलोनी, कुटी, पसौण्डा एवं मौसम विहार-में शत-प्रतिशत सीवरेज सुविधा सुनिश्चित करेगी। इन क्षेत्रों से निकलने वाला अशोधित सीवेज सीवर नेटवर्क और पंपिंग स्टेशनों के माध्यम से करहैड़ा स्थित निमार्णाधीन एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा, जहां इसका वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जाएगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि योजना के पूर्ण होने पर मोहन नगर जोन के लगभग 67,669 नागरिकों को आधुनिक और सुरक्षित सीवरेज व्यवस्था का सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 10 प्रतिशत है, जबकि जनवरी 2026 के अंत तक एसटीपी को कमीशनिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एसटीपी से शोधित जल का उपयोग सिटी फॉरेस्ट में हॉर्टीकल्चर और हरित विकास कार्यों के लिए किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल शहरी स्वच्छता से जुड़ी है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# कलेक्ट्रेट में जनता की पीड़ा का प्राथमिकता पर होगा निवारण: जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसी सोच के साथ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिक, किसान एवं पीड़ित फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी का मानवीय चेहरा उस समय सामने आया, जब एक गरीब किसान ने आर्थिक तंगी के कारण अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान न कर पाने की पीड़ा व्यक्त की। किसान की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने न केवल उसकी समस्या को गंभीरता से सुना, बल्कि मानवता का परिचय देते हुए अपनी ओर से 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि किसान को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और नागरिकों से भी अपील की कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान एक महिला फरियादी शशि त्यागी ने भी जिलाधिकारी के समक्ष अपनी व्यथा रखी। महिला ने बताया कि पति और पुत्र की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष द्वारा पैतृक बंटवारे की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और उन्हें उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम लोनी को तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके और उसे उसके वैधानिक अधिकार प्राप्त हों। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में बड़ी संख्या में किसानों ने भी भाग लिया और बिजली, राजस्व, भूमि विवाद, सिंचाई एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# 'संभव जनसुनवाई में जनता की समस्याओं पर समाधान के निर्देश

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा आयोजित संभव जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र व प्रभावी समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर नगर आयुक्त पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए और मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्रवाई प्रारंभ करने के आदेश दिए। संभव जनसुनवाई के दौरान कुल 10 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश शिकायतें निर्माण विभाग और जलकल विभाग से संबंधित रहीं। प्राप्त संदर्भों में निर्माण विभाग से तीन, जलकल विभाग से तीन, टैक्स विभाग से एक, स्वास्थ्य विभाग से दो तथा अन्य विभाग से एक शिकायत शामिल रही। नगर आयुक्त ने प्रत्येक संदर्भ को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में गोविंदपुरम क्षेत्र से नाली निर्माण की मांग, लाल कुआं क्षेत्र से नालियों की सफाई, महाराजपुर साहिबाबाद क्षेत्र से जलापूर्ति संबंधी समस्या, भोपुरा क्षेत्र से सड़क निर्माण तथा पटेल नगर क्षेत्र से श्वान संबंधी समस्या जैसे अहम मामले सामने आए। इन सभी शिकायतों पर नगर आयुक्त के निर्देश पर संबंधित विभागों द्वारा तुरंत टीमों को मौके पर भेजकर कार्रवाई प्रारंभ करा दी गई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संभव कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका तेज, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह, प्रभारी संपत्ति अधिकारी सुश्री पल्लवी सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे में धुत युवकों का तांडव, महिला पर चढ़ाई कार, सिपाही से मारपीट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के बिसोखर रोड पर लगने वाली पैंठ उस समय अफरा-तफरी और दहशत का केंद्र बन गई, जब नशे में धुत तीन युवकों ने स्विफ्ट डिजायर कार से महिला को कुचलने का प्रयास किया और मौके पर मौजूद लोगों के साथ जमकर गाली-गलौज व अभद्रता की। यही नहीं, गश्त कर रहे मुख्य आरक्षी जयवीर सिंह ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट कर डाली और खुलेआम बवाल काटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक कार में सवार होकर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पैंठ में मौजूद एक महिला को टक्कर मारते हुए कार चढ़ा दी, जिससे वहां भगदड़ मच गई। घटना के बाद जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

# शराब की अवैध बिक्री और अवैध पार्टी पर अब नहीं चलेगा उल्लंघन, जिलेभर में नो इन्फ्रैक्शन अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जैसे ही क्रिसमस और नववर्ष का पर्व करीब आया, गाजियाबाद के आबकारी विभाग ने शहर में शराब की अवैध बिक्री और बिना लाइसेंस शराब पार्टियों पर पूरी तरह से नियंत्रण के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम और उनकी टीम ने त्योहारों के मौके पर कानून की अवहेलना रोकने और शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए कार्यवाही तेज कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब कारोबार और बिना लाइसेंस पार्टी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शादी, विवाह, नववर्ष और अन्य बड़े समारोहों में यदि कोई आयोजनकर्ता बिना लाइसेंस शराब परोसता पाया गया, तो उसके खिलाफ न केवल भारी जुमार्ना लगाया जाएगा बल्कि जेल की सजा भी हो सकती है। इसके लिए आबकारी विभाग ने जिले में सात विशेष टीमों का गठन किया है, जो पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से दिन-रात निगरानी करेंगी। त्योहारों के मद्देनजर आबकारी विभाग ने लाइसेंसी शराब की दुकानों पर भी विशेष निगरानी बढ़ा दी है।

दुकानों पर रजिस्टर और स्टॉक की जांच के साथ ही ओवर रेटिंग रोकने के लिए गुप्त रूप से टेस्ट परचेजिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुकानों पर सिर्फ रजिस्ट्र्ड और मान्य शराब ही उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री न हो।

जिला आबकारी अधिकारी ने सभी आरडब्ल्यूए अध्यक्षों, सोसाइटी प्रबंधकों, बैन्क्वेट हॉल, फार्म हाउस, होटल, क्लब और मैरिज हॉल संचालकों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि किसी भी समारोह में शराब परोसने के लिए आबकारी विभाग से समारोह बार अनुज्ञापन (एफएल-11) लेना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समारोह में केवल उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमत शराब का ही उपयोग किया जा सकता है। किसी भी तरह की बाहरी राज्य की शराब या बिना लाइसेंस मदिरा परोसना गंभीर अपराध माना जाएगा और इसके लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर

# किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती धूमधाम से मनाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आज राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय मेरठ रोड पर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 123 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई. सबसे पहले हवन किया गया फिर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को माल्या अर्पण किया गया।

फिर सबने मिलकर चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की चौधरी चरण सिंह जी के रास्तों पर चलने वाले सभी नेतागणों ने संकल्प लिया

उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलेंगे और उनके जो काम अधूरे रह गए हैं उनको हम सब लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत जी के साथ मिलकर पूरे करेंगे।

राष्ट्रीय लोकदल के सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी ने उनकी नीतियों को याद किया। आज के कार्यक्रम का आयोजन जिला व महानगर कमेटी के द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू ( सदस्य अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश) राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब अली प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान प्रदेश सचिव ओडि त्यागी पूर्व मेयर आशु वर्मा अजय पाल प्रमुख जिला महासचिव प्रदीप त्यागी युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह राजेंद्र चंदेल संजीव अरोड़ा दिनेश शर्मा कृष्णपाल डायरेक्टर राहुल खानपुर अरुण शर्मा नीरज चौधरी तरुण चौधरी मनोज राठी अरुण दहिया वीर सिंह सलेमाबाद योगेश चौधरी जान मोहम्मद सुशील शर्मा नीरज पवार राखी सिंधु ऋषि उपाध्याय श्वेता गुप्ता बबीता अरोड़ा जाकिर चौधरी

# जहरीली हवा से गाजियाबाद बेहाल, देश में तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बना जिला

**साहिबाबाद।** नोएडा और दिल्ली के बाद गाजियाबाद जिले की हवा देश में सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शामिल बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को गाजियाबाद का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 392 दर्ज किया गया, जिसके साथ ही जिला देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। जिले की हवा कभी गंभीर तो कभी अत्यंत खराब श्रेणी में बनी हुई है और आमजन को प्रदूषण से राहत मिलने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। मंगलवार को जिले के कई इलाकों में स्थिति बेहद चिंताजनक बनी रही। वसुंधरा क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 454 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक माना जाता है। वहीं नोएडा 426 वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ देश में पहले स्थान पर और दिल्ली 412 के साथ दूसरे स्थान पर रही। गाजियाबाद लगातार इन दोनों शहरों के बाद सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में बना हुआ है।

# जाम मुक्त की दिशा में बड़ा कदम: नगर निगम की कार्रवाई तेज, ट्रैफिक सुधार के लिए होगा ड्रोन सर्वे

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से नगर निगम ने डी-कंजेशन अभियान को तेज कर दिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में मंगलवार को नगर निगम की टीम द्वारा शहर के प्रमुख जामग्रस्त क्षेत्रों में ठोस और वैज्ञानिक तरीके से कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। इसी क्रम में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चिन्हित स्थलों का ड्रोन सर्वे कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे जाम की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रभावी समाधान लागू किया जा सके।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वायु गुणवत्ता सुधार के लिए केवल सड़कों पर पानी का छिड़काव करना, धूल नियंत्रण या ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज की सफाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शहर को जाम मुक्त बनाना भी वायु प्रदूषण कम करने की दिशा में उतना ही जरूरी कदम है। लगातार लगने वाले जाम से वाहनों का उत्सर्जन बढ़ता है, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप लेता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप के सहयोग से जाम मुक्त शहर की दिशा में अभियान चलाया जा रहा है।

प्रथम चरण में शहर के पांच प्रमुख जामग्रस्त स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें मालीवाड़ा चौक (सिटी जोन), काला पत्थर मार्ग इंदिरापुरम, सीआईएसएफ चौक इंदिरापुरम, चौधरी मोड़ (सिटी जोन) तथा नागद्वार (मोहन नगर जोन) शामिल हैं। इनमें से मालीवाड़ा चौक और काला पत्थर रोड पर कार्यवाही की शुरूआत की जा रही है। इन दोनों स्थलों के लगभग 500 मीटर क्षेत्र में ड्रोन सर्वे कराकर जाम की वास्तविक स्थिति, यातायात दबाव, सड़क संरचना और अतिक्रमण की स्थिति का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

ड्रोन सर्वे के आधार पर यह तय किया जाएगा कि जामग्रस्त सड़कों पर कहां आवश्यक कट या यू-टर्न बनाए जाने हैं, कहां अवैध अतिक्रमण हटाना है, और कहां रेहड़ी-पटरी को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। नगर आयुक्त ने कहा कि बिना वैज्ञानिक अध्ययन के कोई भी स्थायी समाधान संभव नहीं है, इसलिए निर्णय लेने से पूर्व ड्रोन सर्वे अत्यंत आवश्यक है।

# महापौर ने 10 करोड़ के 9 विकास कार्यों का किया शिलान्यास शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लिया संकल्प

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद शहर में चहुंमुखी विकास को नई गति देते हुए मंगलवार को महापौर सुनीता दयाल ने कविनगर जोन, मोहन नगर जोन एवं वसुंधरा जोन में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से 9 प्रमुख विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास कर कार्यों की शुरूआत कराई। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षदों और नागरिकों में विकास कार्यों को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। महापौर का विभिन्न स्थानों पर पुष्पगुच्छ, मालाओं एवं जोरदार स्वागत के साथ आभार व्यक्त किया गया।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि आज गाजियाबाद शहर के चारों ओर विकास की स्पष्ट लहर दिखाई दे रही है। नगर निगम द्वारा सड़क, नाली, नाला, सौंदर्यकरण और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं, जिससे आमजन को मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं, जिनका क्रियान्वयन नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अधिकारियों के नेतृत्व में किया जा रहा है।

शिलान्यास किए गए कार्यों में वसुंधरा जोन के वार्ड-36 में अटल चौक से जयपुरिया स्कूल होते हुए डबल रोड पर जलकल परिसर तक आरसीसी नाले का निर्माण, वार्ड-37 छत्रपति शिवाजी से श्मशान घाट तक दोनों ओर आरसीसी नालों का निर्माण, विवेकानंद नगर में सामुदायिक केंद्र की बाउंड्रीवाल, इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं पहुंच मार्ग का विकास, रामनगर और जनकपुरी क्षेत्रों में सड़कों और नालियों का निर्माण, वैशाली सेक्टर-03 व 04 में आरसीसी नालों का निर्माण, ठाकुर द्वारा से जीएसटी भवन हापुड़ चुंगी तक सेंट्रल वर्ज का सौंदर्यकरण, जनकपुरी व श्याम एन्क्लेव में सड़क निर्माण तथा जीटी रोड से साहिबाबाद स्टेशन रोड क्षेत्र में आरसीसी नाले का निर्माण शामिल है। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से जलभराव की समस्या से राहत, यातायात सुगमता और क्षेत्रीय सौंदर्य में उल्लेखनीय सुधार होगा। महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद राजकुमार नगर, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, पार्षद सचिन डागर, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद रवि भाटी, पार्षद कालीचरन पहलवान, पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद नीलम भारद्वाज, सचिन सोनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

